सुविचार

समय का उत्तम उपयोग करना सीखें क्योंकि विश्व के ज्यादातर सफल मनुष्यों ने इसी का प्रयोग किया है।

RNI : RAJHIN13216/2005

# दैनिक गरीबों का सितारा

।। दशकों पुराना साथ।।

निष्पक्ष कलम निर्भीक आवाज

"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार"

हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com

हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

वर्षः 17 | अंकः 237 | पेजः 8 | मूल्य 01 रु. | जयपुर, रविवार 19 मार्च, 2023 | Email: garibonkasitara@gmail.com


# पंजाब में 78 खालिस्तानी समर्थक गिरफ्तार

## पुलिस ने कहा- अमृतपाल की तलाश अब भी जारी, दोपहर में गिरफ्तारी की खबर आई थी

गरीबों का सितारा

**अमृतसर।** पंजाब पुलिस ने शनिवार को पूरे राज्य में खालिस्तान समर्थक ह्यवारिस पंजाब देह्न से जुड़े लोगों के खिलाफ ऑपरेशन चलाया। अब तक 78 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस ने रात को प्रेस नोट जारी करके बताया कि संगठन के मुखिया अमृतपाल सिंह की गिरफ्तारी नहीं हुई है, उनकी तलाश जारी है। हालांकि दोपहर में सूत्रों के हवाले से खबर आई थी कि करीब डेढ़ घंटे पीछा करने के बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। इस बीच माहौल बिगड़ने की आशंका के चलते पंजाब में 24 घंटे के लिए मोबाइल इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गईं। राज्य में रविवार दोपहर 12 बजे तक मोबाइल इंटरनेट और बल्क रटर सेवाएं बंद रहेंगी। समूचे पंजाब में पुलिस-प्रशासन अलर्ट पर है। देर रात पंजाब में सरकारी बस सेवाएं भी दो दिन के लिए बंद कर दी गईं। अमृतसर, फाजिल्का, मोगा और मुक्तसर समेत कई जिलों में धारा 144 लगा दी गई है। हालांकि इसकी वजह 19 और 20 मार्च को अमृतसर में होने वाला ऋ20 देशों का सम्मेलन बताया जा रहा है। उधर, अमृतपाल के समर्थकों ने कार्रवाई के विरोध में मोहाली में प्रदर्शन शुरू कर दिया। यहां चंडीगढ़-मोहाली बॉर्डर पर लगे इंसाफ मोर्चा में मौजूद लगभग 150 निहंग तलवारें और डंडे लेकर सड़क पर उतर आए। मोहाली में शाम से ही एयरपोर्ट रोड जाम करके बैठे निहंगों के प्रदर्शन में भीड़ बढ़ती जा रही है। इसे देखते हुए यहां रैपिड एक्शन फोर्स के अलावा बुलेटप्रूफ ट्रैक्टर भी तैनात कर दिया गया।



### मोहाली में 5 बजे से एयरपोर्ट रोड जाम

अमृतपाल के समर्थक नारेबाजी करते हुए चंडीगढ़ की तरफ बढ़ने लगे और रोकने पर शाम 5 बजे इन लोगों ने एयरपोर्ट रोड जाम कर दिया। पंजाब पुलिस के जवानों ने इनके चारों तरफ घेरा डाल लिया। खरड़ के एसडीएम रविंदर सिंह को ड्यूटी मजिस्ट्रेट लगाया गया है जबकि पुलिस की अगुआई मोहाली के एसपी ट्रैफिक जगजीत सिंह जल्ला कर रहे हैं। मोहाली के एसपी सिटी आकाशदीप सिंह औलख भी मौके पर मौजूद हैं। चंडीगढ़-मोहाली बॉर्डर पर इसी इंसाफ मोर्चे में शामिल निहंगों और पुलिस के बीच 8 फरवरी 2023 को हिंसक झड़प हो गई थी जिसमें कई पुलिसवाले घायल हो गए थे।



### जालंधर-मोगा पुलिस का जॉइंट ऑपरेशन

खालिस्तान समर्थक संगठन 'वारिस पंजाब दे' के प्रमुख अमृतपाल के खिलाफ 3 केस दर्ज हैं जिनमें से दो मामले अमृतसर जिले के अजनाला थाने में हैं। अपने एक करीबी की गिरफ्तारी से नाराज होकर अमृतपाल ने 23 फरवरी को समर्थकों के साथ मिलकर अजनाला थाने पर हमला कर दिया था। इस केस में कार्रवाई नहीं होने के चलते पंजाब पुलिस की काफी आलोचना हो रही थी। शनिवार को अमृतपाल ने जालंधर-मोगा नेशनल हाईवे पर शाहकोट-मलसियां इलाके और बठिंडा जिले के रामपुरा फूल में कार्यक्रम रखे थे। शाहकोट-मलसियां इलाके में उनके प्रोग्राम के लिए समर्थक सुबह से जुटने लगे थे।

### माउंट आबू में घंटेभर हुई बारिश

## मौसम में घुली ठंडक तापमान में आई गिरावट

**माउंट आबू।** माउंट आबू शहर में शनिवार को एकाएक मौसम बदलाव आया और शाम को बारिश शुरू हो गई। करीब 1 घंटे तक अच्छी बारिश हुई। इसके बाद भी हल्की बारिश रुक-रुक कर होती रही। इससे मौसम ठंडा हो गया। शहर में तीन दिन से न्यूनतम और अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। इससे शहर में दोपहर के समय तक अच्छी धूप खिलने से गर्मी का एहसास होता है तो सवेरे-शाम ठंडक का अहसास होता है। लगभग हफ्ता भर पहले शहर में ओलावृष्टि, बारिश और तेज हवाएं चलने से न्यूनतम और अधिकतम तापमान में गिरावट आई थी, लेकिन कुछ दिनों बाद फिर से तापमापी पारे में बढ़ोतरी हुई थी। वहीं, आज सवेरे से मौसम में बदलाव नजर आया दोपहर तक घने काले बादल छाए रहे वह देर शाम अच्छी बारिश हुई। शहर में शनिवार को न्यूनतम तापमान 11 डिग्री और अधिकतम तापमान 26 डिग्री दर्ज किया। पिछले 24 घंटों में राज्य के कुछ भागों में मेघगर्जन, आकाशीय बिजली, तेज हवाओं के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश दर्ज की गई है। दक्षिण-पश्चिमी राजस्थान के ऊपर आज एक परिसंचरण तंत्र बना हुआ है। आज जोधपुर, उदयपुर, कोटा व जयपुर, भरतपुर संभाग के कुछ भागों में दोपहर बाद मेघगर्जन के साथ कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश, अचानक तेज हवाएं 30-40 किमी प्रति घंटा दर्ज होने की संभावना है।

# प्रधानमंत्री मोदी बोले- कुछ लोग देश को नीचा दिखा रहे

## कहा- इतना शुभ हो रहा कि कुछ लोगों ने काला टीका लगाने का जिम्मा लिया

गरीबों का सितारा



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को एक कार्यक्रम में कहा कि जब देश संकल्प से भरा है ऐसे में कुछ लोग देश को नीचा दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। भारत का मनोबल तोड़ने की बातें भी होती रहती हैं। ढट ने चुटकी लेते हुए कहा कि जब कहीं पर भी शुभ होता है तो काला टीका लगाते हैं। आज इतना शुभ हो रहा है कि कुछ लोगों ने काला टीका लगाने का जिम्मा लिया है। प्रधानमंत्री मोदी इंडिया टुडे कॉन्क्लेव में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आज दुनिया मान रही है कि यह भारत का समय है। ये कालखंड देश के लिए महत्वपूर्ण है। नया इतिहास बन रहा है। आज भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है।

- आज जिन परिस्थितियों में भारत आगे बढ़ रहा है उसके सामने चुनौतियां बड़ी और अलग हैं आज सबसे बड़ी महामारी फैली, दो देश युद्ध में हैं। इस समय इंडिया मोमेंट आना अलग बात है। भारत ग्लोबल फिनटेक अडॉप्शन रेट में सबसे आगे है। स्टार्टअप्स की संख्या के मामले में भारत दुनिया में तीसरे नंबर पर है। जीएसटी काउंसिल की वजह से देश में आधुनिक टैक्स व्यवस्था बनी है।
- मैं 2023 के केवल 75 दिनों की बात करना चाहता हूं। इन 75 दिनों में शिवमोगा में एयरपोर्ट बना, सबसे बड़ा रिवर क्रूज चला, क्क्ळ धारवाड़ के कैंपस का उद्घाटन हुआ। भारत ने ई-संजीवनी की शुरूआत हुई। देश में 100% रेलवे इलेक्ट्रिफिकेशन हुआ। देश को 2 ऑस्कर मिले। तुर्किए में ऑपरेशन दोस्त चलाया। जी-20 की 28 बैठकें हुईं। इन 75 दिनों में जो हुआ वही इंडिया मोमेंट हैं।
- गुलामी के चलते देश ने गरीबी का दौर देखा है। देश का गरीब इससे मुक्ति चाहता था। वह दो वक्त की रोटी तक सीमित नहीं रहना चाहता। हमने देश में 11 करोड़ टॉयलेट बनाए। 48 करोड़ लोगों को बैंकिंग सिस्टम से जोड़ा। 9 सालों में गरीबों के लिए 3 करोड़ से ज्यादा घर बनाए। पीएम किसान सम्मान निधि के तहत 11 करोड़ किसानों के खातों में ढाई लाख करोड़ रुपए भेजे हैं।
- पहले रेल हादसों की खबरें आती थीं, आज नई ट्रेन चलने की खबरें आती हैं। दुनिया की 30% आबादी के पास उनकी प्रॉपर्टी का कानूनी दस्तावेज नहीं है। यह वैश्विक विकास के लिए रुकावट है। देश में पीएम स्वामित्व योजना के तहत 34 हजार गांवों में ड्रोन सर्वे हो चुका है। यहां प्रॉपर्टी कार्ड दिए जा चुके हैं। गांव के लोगों का यह डर भी कम हुआ है कि वे गांव से बाहर गए तो उनकी प्रॉपर्टी पर कब्जा हो जाएगा।
- हमने गवर्नेंस में ह्यूमन टच दिया है, इसके बिना हम कोरोना के खिलाफ इतनी बड़ी लड़ाई जीत नहीं पाते। दशकों तक बॉर्डर के विलेज को आखिरी गांव माना गया। हमने उन्हें पहला गांव होने का विश्वास दिया। नॉर्थ-ईस्ट के लोगों को पहले दिल की और दिल्ली की दूरी बहुत अखरती थी। अब अधिकारी वहां नियमित विजिट करते हैं। मैं भी नॉर्थ-ईस्ट जाने की हाफ सेंचुरी मार चुका हूं।
- इंडिया टुडे कॉन्क्लेव 2023 शुक्रवार 17 मार्च को शुरू हुआ था। इसमें पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर, अभिनेता रामचरण, केंद्रीय मंत्रियों समेत कई अन्य बड़ी हस्तियों ने अलग-अलग मुद्दों पर बात की। कॉन्क्लेव का यह 20वां एडिशन है।

### शुक्रवार को गृहमंत्री अमित शाह ने भी संबोधित किया

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कॉन्क्लेव में कहा कि मोदी सरकार के आने के बाद गरीबों के मन में सपना देखने की उम्मीद जगी है। आने वाले वक्त में जब देश आजादी की शताब्दी वर्षगांठ मनाएगा तब दुनिया में भारत आगे खड़ा दिखेगा। जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी के कार्यकाल से प्रधानमंत्री मोदी के कामों की तुलना किए जाने के सवाल पर उन्होंने कहा- सभी ने अपने-अपने समय में अच्छा काम करने का प्रयास किया है। अपनी-अपनी समझ-शक्ति और समय के हिसाब से काम किया है। क्योंकि हर समय में अलग-अलग चुनौतियां होती हैं। हर व्यक्ति की अलग प्रकार की क्षमता होती है और उसका विजन होता है। मगर सभी ने अच्छा प्रयास किया है- मैं तो ये मानता हूं। जहां तक मोदी जी का सवाल है, मोदी जी ने भारत के लोगों के अंदर महत्वाकांक्षा को जीवित करने का काम किया है।



### जयशंकर बोले- लद्दाख में LAC पर स्थिति नाजुक

# CAA विरोधी अमेरिकी राजदूत पर कहा- आने दीजिए, प्यार से समझा देंगे

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर शनिवार को एक न्यूज चैनल के कार्यक्रम में शामिल हुए। जयशंकर ने यहां चीन, युक्रेन-रूस युद्ध और उअअ पर भारत का विरोध कर चुके अमेरिकी राजदूत के बयान पर खुलकर बातचीत की। इसके अलावा उन्होंने दावा किया कि इस दशक के अंत तक भारत दुनिया का तीसरा सबसे ताकतवर देश बनकर उभरेगा। जयशंकर ने भारत-चीन के मौजूदा संबंध को चुनौतीपूर्ण बताया। जयशंकर ने कहा कि पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर स्थिति बहुत नाजुक बनी हुई है। कुछ इलाकों में भारत एवं चीन, दोनों देशों के सैनिकों की नजदीक तैनाती करने के चलते हालात काफी खतरनाक है। हालांकि विदेश मंत्री ने यह भी कहा कि कई क्षेत्रों में सैनिकों के पीछे हटने की प्रक्रिया में प्रगति हुई है। जयशंकर ने आगे कहा- आप समझौतों का उल्लंघन करके यह नहीं दिखा सकते हैं कि सबकुछ नॉर्मल है। पहले जो समझौते हुए, उनका चीन ने उल्लंघन किया। हम साफ कर चुके हैं कि समझौतों का उल्लंघन नहीं सहेंगे। रूस और यूक्रेन युद्ध को खत्म करवाने में प्रधानमंत्री मोदी की भूमिका को लेकर पूछे गए सवाल के जबाव में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, 'वास्तविक दुनिया में आप कभी भी भविष्यवाणी नहीं कर सकते हैं।






# 22 करोड़ मुसलमानों को कहां फेंकोगे : अब्दुल्ला

## कांग्रेस में गुटबाजी दूर नहीं हुई तो हाथ से निकल जाएगा राजस्थान

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा है। कहा- देश के हालात से सभी वर्ग परेशान हैं। हमारे देश में 22 करोड़ मुसलमान रहते हैं, लेकिन एक धर्म विशेष के खिलाफ नफरत फैलाई जा रही है। अब्दुल्ला शनिवार को जयपुर के पिंकसिटी प्रेस क्लब में इंडियन मुस्लिम फॉर सिविल राइट्स के राष्ट्रीय अधिवेशन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आखिर 22 करोड़ मुसलमानों को कहां फेंकोगे? क्या समंदर में फेंकोगे? अब्दुल्ला ने कहा- देश में सभी हिंदू मुसलमानों के खिलाफ नहीं है। न ही मुसलमानों के दुश्मन हैं। बल्कि इस वक्त देश के बहुसंख्यक हिंदू भी वर्तमान हालत से परेशान और चिंतित हैं। वह भी चाहते हैं कि देश के मौजूदा हालत बदलने चाहिए। अब्दुल्ला ने कहा कि पहले मुस्लिमों को एकजुट होना होगा। सभी वर्गों को एकजुट होना होगा। हम सब एकजुट हो गए तो हिंदुस्तान का संविधान कोई नहीं बदल सकता। फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि हिंदुस्तान एक बहुत बड़ा देश है। यहां पर खतरे आते हैं, लेकिन हिंदुस्तान सुरक्षित है।

**गुटबाजी खत्म नहीं हुई तो हाथ से निकल जाएगा राजस्थान**

अब्दुल्ला ने राजस्थान कांग्रेस में चल रही गुटबाजी को लेकर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि गहलोत सरकार ने अच्छा काम किया है। योजनाएं भी अच्छी हैं, लेकिन सभी नेताओं को साथ लेकर चलना होगा। तभी कांग्रेस मजबूत होगी। अगर राजस्थान कांग्रेस में चल रही गुटबाजी को दूर नहीं किया गया और सभी नेताओं को साथ लेकर नहीं चला गया तो राजस्थान जैसा राज्य कांग्रेस के हाथ से निकल जाएगा।

पूर्वानुमान> 22°

| | रवि | सोम | मंगल | बुध |
|---|---|---|---|---|
| अधिकतम> | 29°c | 26°c | 27°c | 25°c |
| न्यूनतम> | 18°c | 18°c | 17°c | 16°c |

# सुदर्शन सिंह रावत का तिलपट्टी के शहर में हुआ भव्य अभिनंदन एवं स्वागत





## मुझे कभी भी निराश नहीं किया सीएम ने : सुदर्शन सिंह

गरीबों का सितारा

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** शहर जो राजस्थान में तिलपट्टी नाम से अपनी ख्याति को तिरोहित किए हुए हैं माननीय मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जैसे ही 19 जिलों की घोषणा की उसके पश्चात ब्यावर शहर वासियों के खुशी का ठिकाना नहीं रहा शनिवार को दिन भर नेताओं की रेलम पेल देखने को मिली शाम होते होते हैं भीम विधायक सुदर्शन सिंह रावत जैसे ही ब्यावर पहुंचे तो ब्यावर में जगह-जगह उनका भव्य अभिनंदन एवं स्वागत हुआ ऐसा माना जाता है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के खास विधायकों में अपना नाम शुमार कराने में कामयाब युवा एवं ओजस्वी नेता भीम विधायक सुदर्शनसिंह रावत ने अपने जन्म स्थली ब्यावर को जिला बनाने की मांग को लेकर पिछले दिनों मुख्यमंत्री के आवास पर बहुसंख्यक जनसमुदाय का नेतृत्व कर ब्यावर को जिला बनाने की मांग रखी थी जिसको सुनकर एक बार तो माननीय मुख्यमंत्री भी अचंभित हो गए उन्होंने कहाकि आप क्या मुझसे मांगते हो, मैं तो स्वय आपके कारण यहां हूँ तत्पश्चात मुख्यमंत्री ने जिस मार्मिक शब्दों से बोला कि मुझे सब पता है कि आप निश्चित रूप से जिले की मांग रखेंगे ब्यावर के जनमानस की भावनाओं से ओतप्रोत हूं उसी को मध्य नजर रखते हुए 19 जिलों में ब्यावर नाम भी घोषित हो गया शनिवार को सुदर्शन सिंह रावत के ब्यावर आगमन पर उनके शुभचिंतकों ने जगह-जगह उनका भव्य अभिनंदन एवं स्वागत किया अशोक गहलोत जिंदाबाद एवं हमारा नेता कैसा हो सुदर्शन सिंह रावत जैसा हो के नारों से संपूर्ण शहर गुंजायमान हो उठा सुदर्शन सिंह रावत के साफा बंधन का दौर उनके निवास स्थान पर लगभग 2 घंटे चला कांग्रेस के अजय शर्मा ने सुदर्शन सिंह रावत का गर्मजोशी के साथ भव्य अभिनंदन स्वागत किया तथा सुदर्शन सिंह की कार्यशैली से अवगत करवाया उक्त अवसर पर कांग्रेस के युवा ओजस्वी विजेंद्र प्रजापति (उर्फ जोली भाई) ने भी सुदर्शन सिंह रावत की उपलब्धियों से अवगत करवाया एवं ब्यावर को जिला घोषित करने के लिए माननीय मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की मुक्त कंठ से प्रशंसा की साथ ही जोली ने यह भी कहा कि ब्यावर के जिले के सफर में जो भी व्यक्ति आपके साथ विद्यमान रहे हैं उन्हें सदैव हृदय के अंतः करण में रखें उक्त अवसर पर सुदर्शनसिंह रावत ने कहा कि उन्होंने जब-जब मुख्यमंत्री से मांगा उन्होंने कभी निराश नहीं किया और इस बार भी उम्मीद से ज्यादा देकर उन्होंने दिल जीत लिया है माननीय मुख्यमंत्री का हृदय के अंतः करण से बहुत-बहुत आभार ब्यावर की जनता का एक ही नारा मुख्यमंत्री अशोक गहलोत फिर दुबारा उक्त मौके पर समाजसेवी उत्तमचंद भंडारी ने भी सुदर्शन सिंह रावत का माल्यार्पण एवं साफा बंधन कर भव्य अभिनंदन एवं स्वागत किया साथ ही सुदर्शन सिंह रावत के भव्य अभिनंदन में ब्यावर एवं भीम क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति विद्यमान रहे।

## पंचांग

दिनांक 19मार्च 2023 रविवार

विक्रम संवत2079चैत्र कृष्ण पक्ष

| | | |
|---|---|---|
| तिथि | द्वादशी | 08:06:39 |
| तिथि | त्रयोदशी | |
| 28:54:45(क्षय ) | | |
| पक्ष | कृष्ण | |
| नक्षत्र | धनिष्ठा | 22:02:56 |
| योग | सिद्ध | 20:05:22 |
| करण | तैतुल | 08:06:39 |
| करण | गर18:30:48 | |
| करण | वणिज28:54:45 | |
| चन्द्र राशि | मकर | 11:16:07 |
| चन्द्र राशि | कुम्भ | 11:16:07 |
| सूर्य राशि | मीन | |
| दिशा शूल | पश्चिम | |
| सूर्योदय(जयपुर) | 06:33:40 | |
| सूर्यास्त | 18:36:02 | |
| चंद्रोदय | 29:42:08 | |
| चंद्रास्त | 16:08:49 | |
| राहू काल | 17:06-18:36 | |
| अभिजित | 12:11-12:59 | |
| शुभ चोघडिया | | |
| चर | 08:04-09:34 | शुभ |
| लाभ | 09:34-11:05 | शुभ |
| अमृत | 11:05-12:35 | शुभ |
| शुभ | 14:05-15:35 | शुभ |



पंचक प्रारंभ:- 11:16 से

प्रदोष व्रत:-आज

ज्योतिषाचार्य

भानुप्रकाश शास्त्री

## अन्तर्राष्ट्रीय जिएट्स ग्रुप का गठन चौहान अध्यक्ष एवं जाजू, रांका उपाध्यक्ष



गरीबों का सितारा

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** सामाजिक कार्यों में अग्रणीय अन्तर्राष्ट्रीय संस्था जिएट्स ग्रुप ऑफ श्रीजी ब्यावर का मुख्यालय के निर्देश पर गठन किया गया. साधारणसभा (प्रथम) में सर्वसम्मति से शहर के वरिष्ठ पत्रकार समाजसेवी विमल चौहान को अध्यक्ष, प्रमुख उद्योगपति दिलीप जाजू तथा प्रमुख ज्वलेर्स व समाजसेवी सुरेश राका को उपाध्यक्ष तथा समाजसेविका जान्हवी भारवानी को सचिव निर्वाचित किया गया शहर के आशीर्वाद रेस्टोरेन्ट मे आयोजित प्रथम बैठक में सचिव श्रीमती भारवानी ने संस्था का परिचय सदस्यता, सदस्यों का परिचय, भावी कार्यक्रमों के बारे मे विस्तार से चर्चा की. नवनिर्वाचित अध्यक्ष विमलचौहान का मानना है कि कोई भी संगठन, सदस्यों के सामूहिक प्रयासो, अच्छे उद्देश्य पूर्ण पारदर्शिता और ईमानदार प्रयास के बिना सफल नही हो सकते. उन्होंने सदस्यों द्वारा उन पर जताए गए भरोसे पर आभार जताया. संस्था २ अप्रैल को वरिष्ठ सदस्य राजेश राका के संयोजन मे तिजारा गोशाला मे गाय माता की सेवा कर संस्था के सामाजिक कार्यों की शुरूआत करेगी. संगठन के अन्य पदाधिकारियों में समाज सेवी राधामोहन जोशी को संगठन मंत्री, पार्षदविक्रम सोलीवाल को जनसम्पर्क अधिकारी, सरार्फा व्यवसायी महेन्द्र छाजेड़ को कोषाध्यक्ष, पार्षद हरीश सांखला को प्रभारी शिक्षा प्रकोष्ठ, विनोद जोशी को सयोजक स्वास्थ प्रकोष्ठ सोनिया जमन व कुसुम रांका को सांस्कृतिक प्रकोष्ठ का सयोजक निर्वाचित किया. संस्था का शीघ्र ही शपत ग्रहण समारोह आयोजित किया जायेगा।

शहर हुआ भक्तिमय

## श्री गुरु प्रेरणा सत्संग मंडल चौमूं के 22 वे विशाल वार्षिकोत्सव का हुआ शुभारम्भ

### 251 आसनों पर हो रहे श्री रामचरित मानस के अखंड पारायण पाठ

### अखंड रामायण पाठ की पूणार्हुति आज





गरीबों का सितारा

**चौमूं ( सुनील कुमार पाराशर)।** विश्व शांति एवं जीव मात्र के कल्याणार्थ पूज्य पाद ब्रह्म पीठाधीश्वर एवं काठिया परिवाराचार्य नित्य नवनिकुंज लीला धाम निवासी श्री श्री 1008 नारायण दास जी महाराज ( त्रिवेणी डाकोर धाम ) की सत्प्रेरणा से एवं खोजी आचार्य श्री श्री 1008 श्री राम रिछपालदास जी महाराज एवं वैष्णव कुलभूषण महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री प्रेमदास जी महाराज ( खेड़ापति आश्रम सामोद ) के पावन सानिध्य में श्री गुरु प्रेरणा सत्संग मंडल चौमूं द्वारा 22 वें विशाल वार्षिकोत्सव का आयोजम शनिवार को प्रातः 8:00 बजे जयपुर रोड स्थित दुर्गा माता के मंदिर के पीछे स्थित जय विलास गार्डन में शुरू हुआ ' जिसमें 251 आसनों पर श्री रामचरित मानस के अखंड पारायण पाठ ( अखंड रामायण पाठ ) शुरू किए गए ' पारायण पाठों की पूणार्हुति आज रविवार को प्रातः 11:00 बजे होगी ' तत्पश्चात रविवार को ही प्रातः 12:00 बजे साप्ताहिक संकीर्तन के साथ वार्षिकोत्सव संपन्न व सम्पूर्ण होगा ' श्री गुरु प्रेरणा सत्संग मंडल चौमूं के इस वार्षिक उत्सव के आयोजन को लेकर राधेश्याम जांगिड़ ओमप्रकाश माधाणी, विनेश डगायच, राजेंद्र अग्रवाल, दीपक खटोड़, मुकेश अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, राजकुमार सोनी सहित मंडल के अनेक सेवाभावी व कर्तव्य परायण भक्तजन व सनेही जन अपनी अपनी भूमिका का निर्वाह कर रहे है।

## किसानों को बारिश से फसलों में हुआ नुकसान के मुआवजे के लिए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया



**गुलाबपुरा/ रामकिशन वैष्णवबे।** मौसम बारिश से किसानों को फसलों में हुऐ खराबा के मुआवजे के लिए किसानों कांग्रेस संगठन ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा ! जिला राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक संगठन मंत्री कांग्रेस किसान उपाध्यक्ष हीरालाल गुर्जर के नेतृत्व में हुरडा ब्लॉक किसान प्रतिनिधिमंडल ने हाल में बारिश से हुए नुकसान की मांग करते हुए उपखंड अधिकारी को मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार के नाम बेमौसम बारिश से फसलों को हुए नुकसान की गिरदावरी रिपोर्ट करा कर फसल बीमा योजना के तहत मुआवजा दिलाने की मांग की।

## प्रशासन द्वारा मंदिर का द्वार तोड़ने से ग्रामीणों में रोष व्याप्त



गरीबों का सितारा

**चौमूं ( सुनील कुमार पाराशर)।** शाहपुरा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत अमरसर में प्रशासन द्वारा प्राचीन श्री महाकाली शक्तिपीठ मंदिर का मुख्य द्वार तोड़े जाने से ग्रामीणों व श्रद्धालुओं में रोष व्याप्त है। गुस्साए ग्रामीणों ने मंदिर परिसर के बाहर प्रशासन की कार्रवाई के विरोध में प्रदर्शन किया। उन्होंने प्रशासन पर तानाशाही का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की। ग्रामीणों ने दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन भी भेजा है। जानकारी के मुताबिक काली माता मंदिर में क्षेत्र ही नहीं, दूर दराज के इलाकों से भी बड़ी संख्या में लाखों श्रद्धालु आते है। मंदिर में तोड़फोड़ होने पर भक्तों की भावना को ठेस पहुंची है ' मंदिर में हुई तोड़फोड़ की घटना को लेकर ग्रामीणों और श्रद्धालुओं ने रोष व्याप्त है ' मंदिर कमेटी द्वारा 22 मार्च से 30 मार्च तक आयोजित होने वाले मेले के सफल संचालन व व्यवस्था के लिए पूर्वी भाग में जीर्णोद्धार का कार्य करवाया जा रहा था। 14 मार्च को एसडीएम समेत अन्य प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों ने बिना नोटिस दिए मुख्य द्वार में तोड़फोड़ कर रास्ता बंद कर दिया है। प्रशासन द्वारा की गई तोड़फोड़ से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों में कांग्रेस नेता मनीष यादव, एडवोकेट बलदेव सैनी, पंचायत समिति सदस्य मुकेश गुर्जर, ठेकेदार ताराचंद सैनी, धोलूराम यादव, राहुल चौधरी, धर्मेंद्र यादव, मक्खन लाल कुमावत विष्णु कुमार प्रजापत रामूजी टेलर मदन लाल मीणा, शैतान गुर्जर,मालीराम शर्मा, मातादीन शर्मा, गिगराज सैनी, भगवान सहाय सैनी, नेतराम बंजारा, सुरेश कुमार सैनी, मामराज कुमावत, विष्णु कुमावत, बाबूलाल कुमावत, पिंटू योगी, लालाराम हरिजन, दिनेश सैनी,कमल मेहरा,बोदूराम सैनी, मक्खन कुमार सहित अनेक लोगों ने विरोध-प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# प्रो.सी.बी.यादव के नेतृत्व में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह सिंह डोटासरा का हुआ भव्य स्वागत

### प्रोफेसर सी बी यादव को एआईसीसी द्वारा राजीव गांधी पंचायती राज संगठन का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त करने एवं बजट में क्षेत्र को विशेष सोगाते देने के लिए कांग्रेस कार्यकताओं ने डोटासरा का जताया आभार





गरीबों का सितारा


**गोविन्दगढ़ (सुनील कुमार पाराशर)।** राजीव गांधी पंचायती राज संगठन राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष प्रोफेसर सी. बी.यादव के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकताओं ने शनिवार को गोविंदगढ़ में राजस्थान कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा का माला व साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया ' बता दे कि कांग्रेस कार्यकताओं ने एआईसीसी द्वारा डॉ. सी. बी. यादव को राजीव गांधी पंचायती राज संगठन का प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व सौंपने एवं बजट में मुख्यमंत्री जी द्वारा बजट में चौमूं को नगर परिषद बनाने,उप जिला स्वास्थ्य केंद्र की घोषणा करने तथा गोविंदगढ़ में कन्या महाविद्यालय खोलने पर आभार व्यक्त करने एवं धन्यवाद ज्ञापित करने हेतु प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा का स्वागत किया गया ' इस मौके पर पीसीसी प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कांग्रेस कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार ने पिछले 4 वर्ष में सभी वर्गों के लिए ऐतिहासिक कार्य करते हुए सबका साथ सबका विकास को चरितार्थ किया है। देश में पहली बार पुरानी पेंशन स्कीम को लागू किया, 16 नए जिलों एवं 3 संभागों का गठन किया है, चिरंजीव योजना के तहत प्रदेश के डेढ़ करोड़ परिवारों को 25 लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा सुनिश्चित किया, बुजुर्गों को ?1000 पेंशन, किसानों को दो हजार यूनिट तक बिजली फ्री, आम आदमी को 100 यूनिट तक बिजली फ्री, ?500 में गैस सिलेंडर, तारबंदी पर 70% सब्सिडी जैसी सैकड़ों ऐसी योजनाएं प्रारंभ किया है जिसमें आम आदमी एवं गरीब का सशक्तिकरण हुआ है। कांग्रेस कार्यकताओं को इन योजनाओं का घर घर प्रचार प्रसार करना आज सच्चा राष्ट्र धर्म है। उन्होंने कहा कि वहीं केंद्र की भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा केवल दो आदमी अडानी एवं अंबानी की संपत्ति 400 गुना तक बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि आज बीजेपी द्वारा लोकतंत्र को ध्वस्त करने के सभी काले कारनामे कर- के हमारे महापुरुषों के बलिदान को मिट्टी में मिलाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने प्रोफेसर सी.बी.यादव को सूत की माला पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दी। प्रोफेसर यादव ने भी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मलिकार्जुन खड़के, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्षा मीनाक्षी नटराजन, पीसीसी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा एवं राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जी का उनके ऊपर जताए गए विश्वास के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने बड़ी संख्या में लोगों के आगमन पर भी आभार व्यक्त किया। प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के साथ पहुंचे फतेहपुर विधायक हाकम अली, पीसीसी मुख्यालय प्रभारी ललित तुनवाल, पीसीसी सचिव जसवंत गुर्जर, विकास बुडानिया कांग्रेस कार्यकताओं ने साफा बंधवा कर सम्मानित किया। इस मौके पर पूर्व प्रधान भगवान सहाय धांसिल, हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के ब्लॉक कन्वीनर गिरिराज देवेंदा, पंचायत समिति सदस्य गोगराज देवेंद्र एवं संम्पत घोसल्या, डॉ.हनुमान बराला, धोब्लाई उपसरपंच शायर सिंह एवं पूर्व सरपंच नंदकिशोर यादव, डॉ पी डी शर्मा, पूर्व प्राचार्य गौरी शंकर कुमावत एवं सुबे सिंह राव, मलिकपुर सरपंच प्रतिनिधि नंच्छु यादव एवं इकाई अध्यक्ष सीताराम यादव, पूर्व पंचायत समिति सदस्य अर्जुनलाल निठारवाल, संतोष सैनी, रामस्वरूप सोकरिया, विमल कुमार यादव, सोहन लाल यादव, मलिकपुर सहकारी समिति के अध्यक्ष दिनेश यादव, सुरेश बुनकर, राकेश भाटिया, फूलचंद गोठवाल, रजत गोठवाल, डॉ राकेश कुमावत, मिलापचंद नरनोलिया, गोपी राम घोसल्या, चौधरी नरेंद्र यादव, भवानी शंकर यादव सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# ब्राह्मणों ने भरी हुंकार : आज महापंचायत का ऐलान, चावल बांटकर दिया न्यौता

गरीबों का सितारा

**रोहन शर्मा /आमेर।** चुनावी साल में अलग अलग समाज अपनी एकता का प्रदर्शन करते हुए राजनीतिक प्रतिनिधित्व की मांग करने में जुट गए हैं। हाल ही में जयपुर में जाट महाकुंभ का आयोजन हुआ था। विप्र कल्याण बोर्ड के सदस्य रवि जोशी ने बताया कि अब 19 मार्च को जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम में ब्राह्मण महापंचायत का आयोजन किया जा रहा है।। ब्राह्मण समाज की मांग है कि राजनीतिक पार्टियों में स्वर्ण जातियों को कोई विशेष आरक्षण नहीं दिया जा रहा जबकि अन्य समाजों के लिए आरक्षण कोटा तय कर रखा है। ब्राह्मण समाज अब अपनी ताकत दिखाएगा और राजनीतिक पार्टियों से उचित प्रतिनिधित्व की मांग करेगा। इस महापंचायत में अधिक से अधिक भीड़ जुटाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए 2000 किलो पीले चावल बांटकर न्योता दिया गया है।





## ब्राह्मण अब अत्याचार नहीं सहेगा

विप्र सेना राजस्थान के प्रदेश महासचिव युवा प्रकोष्ठ महेश शर्मा का कहना है कि आरक्षण की वजह से ब्राह्मणों का शोषण हमेशा होता आया हर राजनीतिक दलों में स्वर्ण जातियों की लगातार उपेक्षा होती रही है। ब्राह्मणों को सोशल मीडिया पर बहुत बदनाम किया जाता है. ब्राह्मण अब अत्याचार नहीं सहेगा ओबीसी, एसी और एसटी के लिए अलग अलग प्रकोष्ठ बने हुए जबकि स्वर्ण जातियों के लिए कोई प्रकोष्ठ आज तक नहीं बना है। प्रदेश में 85 लाख से ज्यादा आबादी है। प्रदेश की कई विधानसभा सीटों पर स्वर्ण वर्ग का प्रभाव है। इसके बावजूद भी उन्हें राजनैतिक हाशिये पर खड़ा कर दिया गया है। चुनावों के समय टिकट वितरण की बात हो या राजनैतिक नियुक्तियों का मामला हो, स्वर्ण वर्ग हमेश वंचित रह जाता है। ऐसे ब्राह्मणों का संघ यह मांग करता है कि स्वर्ण जातियों के लिए भी राजनैतिक पार्टियां स्थान सुनिश्चित करें।

## युवाओं के लिए होगा मोटिवेशनल सेमीनार

बताया जा रहा है कि अब स्वर्ण समाज के युवाओं के लिए मोटिवेशनल सेमीनार का भी आयोजन किया जाएगा। जिसमें गांव-गांव ढाणी-ढाणी जाकर एमएसएमई के तहत रोजगार मेले लगाए जाएंगे ताकि स्वर्ण समाज के ज्यादा से ज्यादा युवाओं को रोजगार से जोड़ा जा सके। नेशनल लेवल की कंपनियों की ओर से रोजगार मेले लगवाए जाएंगे ताकि समाज के युवा व्यापार की बारीकियां सीख सके और वे आत्मनिर्भर बन सके। आर्थिक रूप से मजबूत होकर ही युवा समाज और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे सकेंगे।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## आज रक्त दान शिविर का आयोजन




गरीबों का सितारा

**कुचामनसिटी (अनिल सिखवाल)।** शहर के निकटवर्ती ग्राम पंचायत पांचवां में सर्व समाज द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन आज रविवार को किया जा रहा हैं इस अवसर पर बासित अली ने बताया कि रक्तदान कीजिये क्योंकि आप भी किसी के जीवन का एक जरिया बन सकते हैं। इस अवसर पर चितावा, प्रेमपुरा कुकनवाली पांचवां विभिन्न जगह पर पोस्टर विमोचन कर अधिक से अधिक रक्तदान करने हेतु निवेदन किया गया इस अवसर पर आदित्य रोहलन, सलामुद्दीन मनियार, विक्रम जोया, जोरारम भीचर, मांगीलाल शर्मा, अंकित शर्मा मंजीत गांधी, बजरंग गांधी आदि उपस्थित रहे।

## दीवार पेंटिंग कराकर दिया स्वच्छता का संदेश




गरीबों का सितारा

**रायला/ मुकेश जाट।** क्षेत्र ईरांस ग्राम पंचायत के खारडी विद्यालय में युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार के नेहरू युवा केंद्र भीलवाड़ा के तत्वावधान में राजकीय प्राथमिक विद्यालय खारडी में दीवार लेखन करा कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। नेहरू युवा संस्थान ईरांस के अध्यक्ष सांवरलाल जाट ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन एवं स्वच्छता ही सेवा है कार्यक्रम के तहत आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से गांव के सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता संदेश स्वरूप दीवार लेखन कार्य करवाया जाता है ।जिसके तहत आमजन को स्वच्छता के प्रति सजग रहकर अपने कार्यस्थल को साफ सुथरा रखने की प्रेरणा मिलती है। इसी के तहत राजकीय विद्यालय खारड़ी में संस्था प्रधान राजेश लोहार की मांग पर दीवार लेखन कार्य कराया गया । इस मौके पर संस्था प्रधान राजेश लोहार, रामस्वरूप आमेटा, रूप सिंह, सुशील जांगिड़ सहित विद्यालय स्टाफ एवं बच्चे मौजूद थे ।

## शक्तिपीठ धनोप माता के बलाई समाज धर्मशाला में वार्षिकोत्सव मनाया गया



गरीबों का सितारा

**धनोप।** शनिवार को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बलाई समाज धर्मशाला में वार्षिकोत्सव मनाया गया व कलश यात्रा निकाली गई जिसमें धनोप माता ट्रस्ट अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह राणावत द्वारा समाज को संबोधित किया गया व सभी समाज जनों को शिक्षा पर जोर दिया, मृत्यु भोज व कुरीतियों को मिटाने पर भी जोर देने के लिए कहा। समाज के सभी पंच - पटेलों प्रबुद्ध नागरिकों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और पूर्व जिला महामंत्री रोशन मेघवंशी ने धर्मशाला विकास हेतु 5100 रुपए की राशि भेंट की। मंच संचालन कन्हैयालाल देवरिया ने किया। अंत में धर्मशाला अध्यक्ष गोवर्धन बलाई खामोर शाहपुरा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## टोडागांगा विद्यालय में विदाई समारोह आयोजित



गरीबों का सितारा

**लालसोट(वरुण कामदार)।** उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत राजौली के ग्राम टोडागांगा की राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय पर शनिवार को आठवीं कक्षा के छात्र छात्राओं का विदाई एवं अभिनंदन समारोह आयोजित हुआ। कार्यकम में मुख्य अतिथि पीईईओ राजौली रामनिवास मीना, अति विशिष्ट अतिथि भामाशाह कमलेश त्रिवेदी पत्रकार रहे एवं विशिष्ट अतिथि उप प्राचार्य बाबूलाल बैरवा, जगदीश प्रसाद नापित प्रधानाध्यापक संत की ढाणी टोडागांगा, कमलेश कुमार लाटा, कमलेश बैरवा वार्ड पंच, मीठा लाल महावर उपसरपंच एवं ओम प्रकाश शर्मा पटेल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक रमेशचंद्र बैरवा ने की। इस कार्यक्रम में अतिथियों एवं विद्यालय के शिक्षकों ने विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के लिए मार्गदर्शन और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासित एवं निर्भीक होकर बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक अर्जित कर अपने विद्यालय एवं परिवारजनों सहित ग्राम का नाम रोशन करने का आह्वान किया। इस अवसर पर भामाशाह कमलेश त्रिवेदी पत्रकार द्वारा कक्षा आठ के विद्यार्थियों को ज्योमेट्री बाक्स भेंट किए गये। कार्यक्रम में संस्था प्रधान रमेश चंद्र बैरवा ने स्वागत उद्बोधन, आभार प्रदर्शन और विद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ गंगा सहाय मीना, अशोक पांचाल, पुष्पा शर्मा, अंजू, मानसिंह बैरवा, रजत गुप्ता राजेश महावर, एसएमसी अध्यक्ष गिर्राज गुर्जर सहित ग्रामवासी मौजूद रहे। इस अवसर पर विद्यालय के कक्षा एक से सात तक के छात्रों ने कक्षा आठवीं के छात्र छात्राओं को भावभीनी विदाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। समारोह में छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। संचालन अशोक कुमार ने किया।

## कलेक्टर ने डोरोली पंचायत मुख्यालय पर जनसुनवाई की

### आमजन की ज्यादातर समस्याओ का मौके पर ही तुरंत प्रभाव से सम्बन्धित अधिकारियो द्वारा निस्तारण कराया

गरीबों का सितारा






**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी-उपखंड की ग्राम पंचायत डोरोली मुख्यालय पर अलवर जिला कलेक्टर डाक्टर जितेंद्र कुमार सोनी के द्वारा स्थानीय सरपंच कमला छज्जु सिंह गुर्जर की मौजूदगी मे आमजन के हित को ध्यान मे रखते हुए सभी विभागो के अधिकारियो के साथ बैठकर जनसुनवाई की गई ।कलेक्टर सोनी के द्वारा ज्यादातर समस्याओ का समाधान सम्बन्धित अधिकारियो के द्वारा मौके पर ही करा दिया गया जैसे कि एक गरीब परिवार जिसके आज तक भी बिजली कनेक्शन नही था और उसके बच्चे पढ रहे है तो मौके पर ही रैणी एईएन अशोक कुमार के द्वारा सारी पूर्ति कर कनेक्शन कराया गया इसी तरह से एक माता जिसका बेटा कुछ समय पहले ही रेल दुर्घटना मे मर गया तो उसके परिवार को मौके पर ही ई मित्र वाले को बुलाकर तुरंत ही पालनहार फोर्म ऑनलाइन कराया तथा विधवा पेन्शन फोर्म ऑनलाइन कराया और इसी तरह से स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियो को बुलाकर आमजन के हित के बारे मे समझाना व पीडब्लूडी सड़क को एक माह मे सही कराने के प्रभावी निर्देश दिए तथा पशुपालन विभाग से मंगलवार व शुक्रवार को कैम्प लगाने के सख्त निर्देश दिए व जलदाय विभाग के अधिकारियो को 20 दिन मे ही 600 परिवारो को पानी पिलाने के निर्देश दिए तथा पंचायत की पेन्डिग मनरेगा स्वीकृति को जिला परिषद अलवर सीईओ से बात कर तुरंत ही 11 काम स्वीकृत कराये तथा बच्चो के स्वास्थ्य की जांच कराने के सख्त निर्देश आशा को और सीएचओ को भी दिए गए , इस तरह से डोरोली पंचायत मुख्यालय पर अनेक जनहित कार्यो पर ध्यान दिया गया और आमजन की ज्यादातर समस्याओ को मौके पर ही निपटा दिया। इस दौरान मौके पर रैणी एसडीएम अनिल सिंघल व तहसीलदार सौरव सिंह गुर्जर तथा समस्त रैणी प्रशासन मौजूद रहा। इस दौरान सरपंच कमला छज्जु राम के कार्यो से भी सराहनीय कार्य बताया गया और ज्यादा से ज्यादा विकास कार्य कराने के निर्देश दिए।

## ग्राम पंचायत पिनान मुख्यालय पर अलवर कलेक्टर ने की जनसुनवाई

### सड़क, पानी, बिजली, मनरेगा से सम्बन्धित अधिकांश शिकायतों का मौके पर निराकरण कराया

**कलेक्टर अलवर के निर्देशन मे पिनान सीनियर स्कूल प्रिंसिपल अपील पर 76 हजार रुपए भामाशाहो ने कम्प्युटरो के लिए दिए**

**स्वयं अलवर कलेक्टर द्वारा सभी तीनो भामाशाहो का पुष्प माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया**

गरीबों का सितारा





**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर की रैणी पंचायत समिति की पिनान पंचायत मुख्यालय पर शनिवार को अलवर जिला कलेक्टर के द्वारा जनसुनवाई की गई जिसमे सभी विभागो के अधिकारी भी मौजूद रहे और कलेक्टर ने प्रत्येक विभाग की समस्याओ को जानते हुए आमजन की अधिकांश समस्याओ का समाधान तो मौके पर ही करा दिया। इस दौरान कलेक्टर सोनी ने सभी विभागो के अधिकारियो से अपनी अपनी प्रोग्रेस भी जानी तथा प्रत्येक विभाग के अधिकारी से उनकी समस्या भी जाननी चाही तो सरकारी सीनियर स्कूल प्रिंसिपल हरि सिंह मीना ने स्कूल मे कम्प्यूटर अभाव बताया तो कलेक्टर ने प्रिंसिपल मीना से बोला कि हमारे सामने ही आप इन सभी गाँव वासियो से कम्प्यूटरो के भामाशाह के रूप मे दान राशि देने की अपील कीजिए तो प्रिंसिपल ने कम्प्यूटर देने के लिए अपील की तो वहा पर उपस्थित रामावतार मीना प्रोपर्टी डीलर ने तुरंत ही 35 हजार रुपए देने के हा कर ली तथा इसी तरह से शिवदयाल मीना डीलर की टीम ने 35 हजार रुपए देने के हा कर ली तथा शेष 6 हजार रुपए देने के लिए स्थानीय ग्राम विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह चौधरी ने भी भामाशाह के रूप मे हा कर ली तो यह देखकर कलेक्टर सोनी बहुत खुश मिजाज मे दिखाई दिए और ये तीनो भामाशाहो का स्वयं कलेक्टर अलवर के द्वारा पुष्प माला पहनाकर सम्मान दिया गया। इस दौरान कलेक्टर अलवर ने सभी आमजन की सभी तरह की समस्याओ को बहुत ही गौर से सुना गया और समस्याओ पर अपने तुरंत प्रभाव से कार्यवाही भी करते हुए सम्बन्धित जिम्मेदार अधिकारियो को पाबन्द कर मौके पर ही निस्तारण कराया गया। अलवर कलेक्टर ने पिनान पंचायत प्रशासन व पिनान गांव की सराहना की और पिनान पंचायत सरपंच को एक डाक बंगला बनाने का भी सुझाव दिया क्योंकि आगामी समय मे पिनान से होकर ज्यादातर वीआईपी आते जाते रहेंगे क्योंकि मेघा हाई वे उतार भी तो पिनान मे ही है और कलेक्टर अलवर ने यहा पर इस फैक्ट्री एरिया को बढावा देने की बात भी बताई।

## नव संवत्सर पर भीलवाड़ा मे7 स्थानों से निकलेगी विशाल केसरिया दुपहिया वाहन रैली व शोभायात्रा

गरीबों का सितारा

**भीलवाड़ा / डॉ.चेतन ठठेरा।** भारतीय नवसंवत्सर महोत्सव समिति की ओर इस बार नवसंवत्सर पर 22 मार्च बुधवार को विशाल केसरिया दुपहिया वाहन रैली एवं भव्य शोभायात्रा व राजेंद्र मार्ग विद्यालय में मेले का आयोजन किया जा रहा है तथा रात मे भश व्य लेजर शो का आयोजन भी होगा । भारतीय नव वर्ष महोत्सव समिति के संयोजक सुभाष बाहेती ने बताया कि शहर के विभिन्न 7 स्थानों सेअलग-अलग मार्गों से वाहन रैली निकाली जाएगी। इसमें केसरिया साफा पहने हाथों में पताका लिए लगभग एक लाख माताएं, बहने व पुरुष शामिल होंगे। दोपहर 4:30 बजे राजेंद्र मार्ग स्कूल से भव्य विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा संकट मोचन बालाजी, लक्ष्मी नारायण मंदिर, मुरली विलास रोड, अंबेडकर सर्किल, सरकारी दरवाजा, गोल प्याऊ चौराहा, सूचना केंद्र होते हुए राजेंद्र मार्ग विद्यालय में पहुंचकर संपन्न होगी। भारतीय नव वर्ष महोत्सव समिति मेला प्रभारी राजकुमार बम्ब ने बताया कि राजेंद्र मार्ग विद्यालय के प्रांगण में प्रातः 6:00 से 8:00 तक योग एवं प्राणायाम शिविर 9:00 बजे हवन एवं चिकित्सकीय जांच एवं रक्तदान शिविर दोपहर 1:00 बजे से रस्साकशी प्रतियोगिता, तुलसी गमला सजाओ प्रतियोगिता, लेमन जूस आदि प्रतियोगिताओं के आयोजन होंगे। रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ भव्य लेजर शो होगा। मेले को लेकर भारत विकास परिषद, सेवा भारती, संस्कार भारती, सहकार भारती, लघु उद्योग भारती, महावीर नवयुवक मंडल, विजयवर्गीय वैश्य सेवा संस्थान सहित संपूर्ण हिंदू समाज के संगठन जूटे हुए हैं। वाहन रैली को लेकर संयोजक सुभाष बाहेती की देखरेख में सात नगरों के 21 केंद्रों पर पताका वितरण कार्य जारी है। शहर के कार्यकर्ता विभिन्न बस्तियों में घर-घर जाकर भगवा पताकाऐ वितरित कर रहे हैं। सातों वाहन रैलियों की चित्रकूट धाम, एमएलवी गवर्नमेंट कॉलेज, महावीर स्कूल का मैदान एवं गर्ल्स स्कूल में पार्किंग व्यवस्था रहेगी। मेले को लेकर राजेन्द्र मार्ग स्कूल में हुआ भूमिपूजन भारतीय नव वर्ष महोत्सव समिति द्वारा आयोजित मेले के शुभारंभ से पूर्व शनिवार को राजेन्द्र मार्ग स्कूल में भूमि पूजन किया गया।




गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

**शायद पहली बार है, जब पक्ष और विपक्ष दोनों संसद में अवरोध उत्पन्न कर रहे हैं। बजट सत्र के दूसरे चरण में भाजपा व कांग्रेस के हंगामे के कारण दोनों सदन कुछ मिनट ही चल पाए हैं। इस सत्र में जहां बजट पर गंभीर चर्चा होनी चाहिए थी, वहां बस हंगामे हो रहे हैं। भाजपा राहुल गांधी से लोकतंत्र पर दिए बयान पर माफी मंगवाने की जिद पर अड़ी है तो कांग्रेस अडाणी पर चर्चा को लेकर संसद नहीं चलने दे रही है। आखिर लोकतंत्र में बात रखने की संसद से बढ़िया कोई जगह नहीं हो सकती है, इसके बावजूद अगर सत्तापक्ष व विपक्ष अपनी बात कहने के लिए संसद का प्रयोग ही नहीं कर रहे हैं तो साफ है कि दोनों देश का वक्त जाया कर रहे हैं। मौजूद अवरोध का राजनीतिक विश्लेषण करता आजकल का यह अंक...**



# कब तक जारी रहेगा संसदीय गतिरोध



**हालात**

प्रमोद जोशी
वरिष्ठ पत्रकार

**यह पूरा प्रकरण आगामी लोकसभा चुनाव की बहस का आगाज कर रहा है। बेहतर हो कि इस विषय पर संसद में बहस हो। राजनीतिक दलों की जिम्मेदारी है कि वे संसद को विचार का मंच बनाएं, पर ऐसा हो नहीं रहा है। पिछले साल फरवरी में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान राहुल गांधी ने कहा था कि संविधान के अनुसार, भारत राष्ट्र नहीं यूनियन ऑफ स्टेट है। यानी कि तमिलनाडु के एक भाई के पास महाराष्ट्र के मेरे भाई के समान अधिकार हैं। यह बात जम्मू-कश्मीर, मणिपुर, लक्षद्वीप पर भी लागू होती है। किस ने कहा कि ऐसा नहीं है? मई में उन्होंने कैंब्रिज विश्वविद्यालय में फिर यही बात कही। और अब फिर से लंदन में उन्होंने यही कहा है। राज्यों की स्वायत्तता के संदर्भ में शायद वे इस बात का उल्लेख कर रहे हैं, पर उन्हें स्पष्ट करना होगा।**

संसद के दोनों सदनों में पूरे सप्ताह गतिरोध जारी रहा। जिस तरह के हालात हैं, उन्हें देखते हुए लगता नहीं कि सोमवार को भी स्थिति में सुधार होगा। कांग्रेस के नेतृत्व में विरोधी दल अडाणी-हिंडनबर्ग विवाद में जेपीसी की मांग पर अडिग हैं। बीजेपी राहुल गांधी के बयानों को राष्ट्रीय-अपमान का विषय और विदेशी जमीन से भारतीय संप्रभुता पर हमला बता रही है। वह चाहती है कि लंदन में कही गई अपनी बातों पर राहुल गांधी माफी माँगें। लगता यह भी है कि कांग्रेस और बीजेपी दोनों ही इस गतिरोध को जारी रखना चाहते हैं। इस गतिरोध के ज्यादातर प्रसंग 2024 के चुनाव में दोनों के तरकशों के तीरों का काम करेंगे। गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि विपक्ष वार्ता के लिए आगे आए तो गतिरोध को दूर किया जा सकता है। दोनों पक्ष लोकसभा अध्यक्ष के साथ बैठें। उन्हें दो कदम आगे आना चाहिए और हम उससे भी दो कदम आगे बढ़ाएंगे, तब संसद चलेगी। उन्होंने इसके बाद कहा, आप केवल संवाददाता सम्मेलन कीजिए और कुछ न कीजिए, ऐसा नहीं चलता।

## दोनों तरफ से हंगामा

हंगामा दोनों तरफ से है। ऐसा कम होता है, जब सत्तापक्ष गतिरोध पैदा करे। खबर यह भी है कि बीजेपी लंदन की टिप्पणी के लिए राहुल गांधी को सदन से निलंबित या निष्कासित करने पर भी विचार कर रही है। यह गंभीर बात है, पर ऐसा क्यों सोचा जा रहा है? इससे तो राहुल गांधी का राजनीतिक कद बढ़ेगा? एक धारणा है कि विरोधी दलों का मुख्य चेहरा राहुल गांधी को बनाने से बीजेपी को लाभ है, क्योंकि इससे विपक्ष में बिखराव होगा। दूसरे बीजेपी खुद को राष्ट्रवाद की ध्वजवाहक और कांग्रेस को राष्ट्रवाद-विरोधी साबित करने में सफल होगी। राष्ट्रवाद के प्रश्न पर बीजेपी खुद को 'उत्पीड़ित' साबित करती है। 2019 में पुलवामा कांड के बाद ऐसा ही हुआ। राहुल पर ध्यान केंद्रित करने से अडाणी प्रसंग से भी ध्यान हटेगा। देखना यह भी होगा कि कांग्रेस पार्टी अडाणी-हिंडनबर्ग मामले को कितनी दूर तक ले जाएगी? इससे लगता है कि संसदीय गतिरोध दोनों पक्षों के लिए उपयोगी है। दोनों पार्टियों ने शुक्रवार और शनिवार को अगले सप्ताह की गतिविधियों और रणनीतियों पर विचार किया है। इस ब्रेक के बाद यह देखना रोचक होगा कि गतिरोध आगे बढ़ेगा या मामला सुलझेगा।

## मोदी बनाम राहुल

कानून मंत्री किरण रिजिजू का यह बयान ध्यान देने योग्य है कि 'देश से जुड़ा कोई मसला हम सब के लिए चिंता का विषय है। अगर कोई देश का अपमान करेगा तो हम इसे सहन नहीं कर सकते।' उधर कांग्रेस के राज्यसभा के सांसद के.सी. वेणुगोपाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन से संबंधित कार्रवाई करने की मांग की है। वेणुगोपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने संसद में राहुल और पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के खिलाफ अपमानजनक और असंसदीय भाषा का इस्तेमाल किया है। राष्ट्रपति के अभिभाषण के



धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री ने 'परिवार' और 'नेहरू' नाम का जो उल्लेख किया था, उसे पार्टी ने उठाया है। बहरहाल कांग्रेस पार्टी के पास संसद में लड़ने की सीमित शक्ति है, वह इस मामले को सड़क पर ले जाएगी। राजनीतिक दृष्टि से बीजेपी भी चाहेगी कि मामला 'मोदी बनाम राहुल गांधी' बनकर उभरे।

## राहुल गांधी पर प्रहार

खबरें हैं कि बीजेपी अब राहुल के खिलाफ कार्रवाई करने पर गंभीरता से विचार कर रही है। राहुल का संसद से निलंबन या बर्खास्तगी। इसके दो रास्ते हैं। एक, विशेषाधिकार समिति की सिफारिश और दूसरा रास्ता है सदन की अनुमति के बाद लोकसभा अध्यक्ष के आदेश से एक विशेष समिति का गठन। यह समिति राहुल के बयानों का अध्ययन करने के बाद किसी निष्कर्ष पर पहुंचेगी। देश की संसद और राष्ट्र की गरिमा से जुड़े सवालों के संदर्भ में यह विचार होगा। 1978 में इंदिरा गांधी को जनता पार्टी ने संसदीय गरिमा के उल्लंघन के मुद्दे पर संसद से निलंबित कर दिया था। उस समय अंततः इंदिरा गांधी को राजनीतिक रूप से लाभ मिला था, पर आज क्या वैसी ही स्थिति है?

## विशेषाधिकार हनन

बिहार से भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे ने लोकसभा अध्यक्ष को एक पत्र लिखा है कि सदन की गरिमा को क्षति पहुंचाने के लिए राहुल गांधी को दंडित किया जाए। उन्होंने नियम 223 का हवाला दिया है, जिसके तहत किसी विशेष समिति के गठन का प्रावधान नहीं है। यह मामला केवल प्रवर समिति के समक्ष रखा जाता सकता है। राहुल के खिलाफ संसद के विशेषाधिकार हनन का मामला पहले ही चल रहा है। अगर लोकसभा अध्यक्ष मामला विशेष समिति को भेज देते हैं तो यह गांधी के खिलाफ ऐसा दूसरा मामला हो जाएगा। लोकसभा सदस्यों के पास कुछ विशेषाधिकार होते हैं। पर यदि कोई सदस्य संसद की गरिमा का उल्लंघन करता है तो उससे लिए कई तरह के दंड के प्रावधान हैं। संसद परिसर में केवल अध्याक्ष/सभापति के आदेशों का पालन होता है। विशेषाधिकार भंग करने या सदन की अवमानना करने वाले को भर्त्सना, ताड़ना या निर्धारित अवधि के लिए कारावास की सज़ा दी जा सकती है। सदन अन्य दो प्रकार के दंड दे सकता है। सदस्यता से निलंबन या बर्खास्तगी। सभी बातों का फैसला संसद को ही करना है। और इसके लिए दोनों तरफ से विशेषज्ञ विचार कर रहे हैं। न्यायपालिका भी संसद के काम में हस्तक्षेप नहीं कर सकती है।

## संसद में बहस

राहुल गांधी का कहना है कि मुझे संसद में जवाब देने का मौका मिलना चाहिए। संसद के संचालन की जिम्मेदारी सरकार की होती है, पर अमित शाह कहते हैं कि आपको बात करने से कोई नहीं रोक रहा, पर संसद में बहस नियमों के तहत होती है। हम किससे बात करें? वे मीडिया से बातचीत कर रहे हैं। वे नारेबाजी कर रहे हैं कि संसद में बोलने की आजादी होनी चाहिए। संसद में बोलने की पूरी आजादी है। आप सड़क चलते व्यक्ति की तरह संसद में नहीं बोल सकते। दूसरी तरफ कांग्रेस के सूत्रों का कहना है कि हमारी पहली प्राथमिकता राहुल गांधी को संसद में बोलते देखना है। वे रोजाना कोशिश करेंगे और सत्र चलने तक स्पीकर से मुलाकात भी करेंगे। अनुमति नहीं मिली तो वे अपने विचार रखने के लिए मीडिया को संबोधित करेंगे।

## गतिरोध पर गतिरोध

बजट सत्र का दूसरा चरण 13 मार्च को शुरू हुआ था, लेकिन हंगामे की वजह से सदन की कार्यवाही एक दिन भी पूरी नहीं हो पाई है। यह चरण 6 अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान बजट पर चर्चा करके उसे पास करने की प्रक्रिया को पूरा करना है। राजनीतिक स्थिति यह है कि अब तक पिछले 8 सत्रों का किसी न किसी कारण से समय से पहले सत्रावसान करना पड़ा है। संसद के इस चरण में पास करने के लिए 35 विधेयक विचाराधीन हैं। 26 बिल राज्यसभा में और 9 बिल लोकसभा में। शुक्रवार को लोकसभा में कार्यवाही स्थगित करने से पहले अध्यक्ष ओम बिरला ने सभी सदस्यों से सदन चलने देने की अपील की। उन्होंने कहा कि सदन आप सभी चलने दीजिए। जैसे ही सदन की कार्यवाही गति पकड़ेगी, हम सभी को बोलने का मौका देंगे। इसी बीच दोनों तरफ के सदस्यों ने शोर मचाना शुरू कर दिया और फिर किसी कारण से टीवी प्रसारण म्यूट हो गया। बाद में बताया गया कि ऐसा तकनीकी खराबी के कारण हुआ।

## विधेयक और बजट

बजट सत्र हमारी संसद का सबसे महत्त्वपूर्ण सत्र होता है और इसीलिए यह सबसे लंबा चलता है। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव और बजट प्रस्तावों के बहाने महत्त्वपूर्ण प्रश्नों पर जन-प्रतिनिधियों को अपने विचार व्यक्त करने का मौका मिलता है। फिलहाल लगता है कि संसदीय-कर्म पर राजनीति का ग्रहण लग गया है। इस वर्ष बजट सत्र के दूसरे चरण में 13 मार्च से 17 मार्च तक लोकसभा की कार्यवाही सिर्फ 42 मिनट और राज्यसभा की 55 मिनट तक ही चल पाई। इस दौरान न तो किसी बिल पर चर्चा हुई और न प्रश्नकाल और शून्यकाल हुए। दिसंबर में संसद का शीतकालीन सत्र भी हंगामे की भेंट चढ़ गया था। एक अमेरिकी अखबार की पेगासस पर रिपोर्ट आने के बाद विरोधी दलों ने हंगामा किया था, जिसके कारण कार्यवाही प्रभावित हुई। हंगामे को देखते हुए सत्र को समय से सात दिन पहले ही खत्म कर दिया गया। 2022 में मॉनसून सत्र भी हंगामे की वजह से कमोबेश स्थगित रहा।

## 2024 का प्रस्थान बिंदु

यह पूरा प्रकरण आगामी लोकसभा चुनाव की बहस का आगाज कर रहा है। हालात भी ऐसे ही नजर आ रहे हैं। बेहतर हो कि इस विषय पर संसद में बहस हो। राहुल गांधी को भी अपनी बात संसद में कहने का मौका मिले। राजनीतिक दलों की जिम्मेदारी है कि वे संसद को विचार का मंच बनाएं, पर ऐसा हो नहीं रहा है। पिछले साल फरवरी में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान राहुल गांधी ने कहा था कि संविधान के अनुसार, भारत राष्ट्र नहीं यूनियन ऑफ स्टेट है। यानी कि तमिलनाडु के एक भाई के पास महाराष्ट्र के मेरे भाई के समान अधिकार हैं। यह बात जम्मू-कश्मीर, मणिपुर, लक्षद्वीप पर भी लागू होती है। किसने कहा कि ऐसा नहीं है? मई में उन्होंने कैंब्रिज विश्वविद्यालय में फिर यही बात कही। और अब फिर से लंदन में उन्होंने यही कहा है। राज्यों की स्वायत्तता के संदर्भ में शायद वे इस बात का उल्लेख कर रहे हैं, पर उन्हें स्पष्ट करना होगा। हमें क्षेत्रीय दलों से भी पूछना होगा। क्या यह उनकी आवाज है?

# हंगामा है क्यों बरपा



**फिलहाल**

प्रणव यादव
वरिष्ठ पत्रकार हैं

संसद में कामकाज ठप है। एक हफ्ता बर्बाद हो गया। जनता की गाढ़ी कमाई के करोड़ों रूपए पानी में चले गए। इससे किसे क्या हासिल होगा। जब संसद ही नहीं चलेगी, बहस नहीं होगी, जनता के मुद्दों पर बात नहीं होगी तो फिर लोकतन्त्र का मतलब क्या होगा। बजट सत्र के पहले चरण में विपक्ष के हंगामे के कारण ऐसे ही हालात थे। दूसरे चरण में सरकारी पक्ष की नारेबाजी जारी है। सवाल ये है कि सदन चलाने की जिम्मेदारी सरकार की होती है। बजट पास करवाना है। इक्कतीस महत्वपूर्ण बिल लटके है। फिर बीजेपी और उसके सहयोगी इस तरह का हंगामा क्यों कर रहे हैं। अगर राहुल गांधी माफी मांगें न मांगे, तो इससे बीजेपी की सेहत पर क्या फर्क पड़ेगा। जब राहुल गांधी कह रहे हैं कि वो सदन में अपनी सफाई देंगे, इसके पीछे कांग्रेस की क्या रणनीति है और बीजेपी राहुल को सदन में बोलने से क्यों रोकना चाहती है। ये सवाल बड़े हैं और इनका जबाव समझने के लिए थोड़ा पीछे जाने पड़ेगा। असल में सारा खेल पर्सेप्शन का है। छवि का है। सारा तमाशा 2024 के लिए है। बजट सेशन के पहले हिस्से में जिस तरह बीजेपी को विपक्ष ने अडानी के मुद्दे पर घेरा। उससे बीजेपी के नेता परेशान थे। क्योंकि बीजेपी सारे इल्जामात के जबाव दे सकती है। हर आरोप झेल सकती है। लेकिन एक भ्रष्टाचार का मुद्दा ही है जिसका हवाला देकर बीजेपी खुद को पार्टी विद डिफसेंश का सर्टिफिकेट देती है। हर चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यही तो कहते हैं कि इतने सालों में विरोधी भी दाग नहीं लगा पाए। हिंडनवर्ग रिपोर्ट ने विपक्ष को मोदी के दामन पर कीचड़ उछालने का मौका दे दिया। बीजेपी के पास इस इल्जाम का न कोई जबाव है और वो न इसे बर्दाश्त कर सकती है। इसीलिए विरोधी दलों ने बजट सेशन के दूसरे चरण में भी अड़ानी के मुद्दे पर हंगामा करने की रणनीति बनाई थी। जेपीसी जांच की मांग को लेकर सरकार पर प्रेशर बनाने की तैयारी की थी। बीजेपी को विपक्ष पर हावी होने का एक मौका चाहिए था वो संसद सत्र से पहले राहुल गांधी ने दे दिया।

कांग्रेस के खिलाफ भ्रष्टाचार को मुद्दा बनाकर बीजेपी सत्ता में आई। टूजी घोटाला, कोयला घोटाला, कॉमनवैल्थ घोटाला, नेशनल हेराल्ड घोटाला, हैलीकॉप्टर घोटाला और जमीन घोटाले जैसे तमाम इल्जाम एक साथ एक वक्त पर लगाए गए। बीजेपी ने मनमोहन सिंह की सरकार पर भ्रष्टाचार का इल्जाम इतने जोर से चिपकाया कि कांग्रेस आज तक उसके दाग नहीं धो पाई है। ये अलग बात है कि मोदी सरकार के नौ साल होने के बाद भी किसी घोटाले में आज तक कोई इल्जाम साबित नहीं हुआ। किसी को सजा नहीं हुई। लेकिन कांग्रेस की इमेज पर जो बट्टा लगा उसका फायदा बीजेपी आज तक उठा रही है। हिंडनवर्ग की रिपोर्ट से कांग्रेस को वही मौका मिला है। इसलिए कांग्रेस किसी भी कीमत पर इस



इश्यू को छोड़ना नहीं चाहती और बीजेपी किसी भी कीमत पर इस मुद्दे से पीछा छुड़ाना चाहती है। इसके लिए बीजेपी ने राहुल गांधी के बयान को अडानी के मुद्दे से पीछा छुड़ाने की जरिया बनाया है। राहुल गांधी ने लंदन में जाकर कोई नई बात नहीं कही। वो इस तरह की बातें भारत जोड़ो यात्रा के दौरान रोज कहते रहे हैं। लेकिन लंदन में जाकर भारत में लोकतन्त्र खत्म होने की बात कहना। अमेरिका और यूरोपीय देशों से भारत की तरफ देखने को कहना। इसके सियासी नतीजे भले ही राहुल गांधी को समझ न आए हों लेकिन कांग्रेस के पुराने नेता इसे अच्छी तरह समझ रहे हैं। बीजेपी इसे भारत का अस्मिता से जोड़ रही है। अब कांग्रेस पर सत्ता के लालच में भारत के अपमान का आरोप लगाएगी। हमारे देश के लोग बाकी सब सहन कर सकते हैं लेकिन कोई देश का अपमान करे, सेना के शौर्य पर सवाल उठाए पर ये बर्दाश्त नहीं कर सकते। राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव के पहले बालाकोट और सर्जिकल स्ट्राइक पर सवाल उठाए थे। मोदी ने इसे पकड़ लिया। नतीजा क्या हुआ ये सबने देखा। इसके बाद भी राहुल ने सबक नहीं सीखा और अब एक बार फिर जब बीजेपी अडानी के मुद्दे पर घिरी तब लंदन में बयान देकर बीजेपी को पलटवार करने का रास्ता दे दिया। बीजेपी ने ये मौका नहीं गंवाया।

राहुल गांधी के बयान को लेकर पार्लियामेंट में जो हंगामा चल रहा है उसका एक दूसरा पहलू भी है। इससे पहले तक विपक्ष एकजुट नजर आ रहा था लेकिन राहुल गांधी के बयान के बाद बीजेपी ने जिस तरह से पलटवार किया है, उससे विरोधी दलों में फूट गई है। बजट सेशन के पहले चरण में प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई के दुरूपयोग पर विपक्ष एकजुट था। कांग्रेस के साथ ममता बनर्जी, चन्द्रशेखर राव, अरविन्द केजरीवाल, तेजस्वी यादव और अखिलेश यादव के साथ लैफ्ट पार्टीज भी नजर आ रही थीं। अडानी के मुद्दे पर भी विपक्ष एकजुट था। लेकिन जैसे ही राहुल गांधी का बयान आया। बीजेपी ने सारा फोकस अडानी से हटाकर राहुल गांधी की तरफ मोड़ने की कोशिश की तो विपक्षी एकता में दरार दिखने लगी। असल में ममता बनर्जी और चन्द्रशेखर राव को लग रहा है कि बीजेपी और कांग्रेस के झगड़े से ऐसा मैसेज न जाए कि राहुल गांधी ही विपक्ष के नेता है। राहुल गांधी ही नरेन्द्र मोदी को चुनौती दे सकते हैं। इसलिए ममता बनर्जी की पार्टी ने खुद को कांग्रेस के प्रोटेस्ट से अलग कर लिया। दिल्ली में कांग्रेस और बीजेपी आमने सामने हैं। इस बीच अखिलेश यादव ने कोलकाता में ममता से मुलाकात की और कह दिया कि जांच एजेंसियों का दुरूपयोग तो कांग्रेस के जमाने में भी होता था इसमें कौन सी नई बात है। इसलिए अब नया फ्रंट बनना चाहिए। दिल्ली में शराब घोटाले के केस में मनीष सिसोदिया के साथ चन्द्रशेखर राव की बेटी के कविता का नाम भी है। इसलिए ये दोनों पार्टियां जांच एजेंसियों के दुरूपयोग को बड़ा मुद्दा बनाना चाहती है। लेकिन कांग्रेस को लगता है कि अडानी का इश्यू बड़ा है। इस पर बीजेपी को जबाव देना मुश्किल होगा। लेकिन बीजेपी जानती है कि विपक्ष बंटा हुआ है। सबके अपने अपने नेता हैं। सबके अपने अपने मुद्दे हैं। सबके अपनी अपनी रणनीति है। दूसरी तरफ एनडीए एकजुट है। बीजेपी इसका फायदा उठाकर राहुल गांधी को देश विरोधी घोषित करने में पूरी ताकत लगा रही है। और इसका असर संसद में दिख रहा है। कुल मिलाकर हकीकत यही है कि संसद चले न चले इसकी फिक्र न कांग्रेस को है और न बीजेपी को। सबको चिंता 2024 की है।

# फिर संसद का औचित्य क्या है



**गतिरोध**

सुशील राजेश
स्वतंत्र लेखक हैं

इसी सप्ताह सोमवार से शुक्रवार तक संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही ठप रही।इन पांच दिनों में लोकसभा कुल 42 मिनट और राज्यसभा 55 मिनट तक ही चल पाई। उस दौरान भी नारेबाजी और हंगामा जारी रहे। कोई विधायी कार्य नहीं किया जा सका। गुरुवार 16 मार्च को लोकसभा की कार्यवाही मात्र 4 मिनट और राज्यसभा की कार्यवाही सिर्फ 7 मिनट ही चल पाई। क्या इस दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति के लिए भारतीय गणतंत्र में संसद की कल्पना की गई थी? सत्ता-पक्ष की ओर से भाजपा सांसद चिल्ला रहे थे-'आ गया, आ गया! राहुल गांधी माफी मांगो!'तो विपक्ष के कांग्रेसी खेमे के सांसद पलट जवाब दे रहे थे-'शेर आया, शेर आया! राहुल गांधी को बोलने दो!' कांग्रेसी ऐसे नारे भी लगा रहे थे-'मोदी-अडानी, भाई-भाई। सरकार जेपीसी के गठन से क्यों डरी हुई है?' इन शब्दों में से अधिकतर संसद के रिकॉर्ड में दर्ज नहीं हुए होंगे! यह संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण है। एक पूरा सप्ताह हंगामेदार शोर में धुल चुका है। सवाल यह है कि संसद का गतिरोध कब और कैसे टूटेगा? क्या वित्त विधेयक, अर्थात बजट, भी शोर और हंगामे के बीच ध्वनि-मत से पारित करना पड़ेगा? बजट पर जो संशोधन प्रस्तावित हैं, उनका क्या होगा? कुछ राज्यों की अनुदान मांगों पर बिना विचार किए ही, क्या स्वीकार कर लिया जाएगा? विचाराधीन बिलों का क्या होगा? दरअसल विपक्ष ने विरोध की शुरुआत एक विदेशी रपट के मद्देनजर की थी। निशाने पर अडानी समूह की कंपनियां और उनके शेयर रहे हैं। उसमें घी डालने का काम कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद राहुल गांधी ने किया। उन्होंने लंदन प्रवास के दौरान भाषण और साक्षात्कार में बार-बार दोहराया कि भारत में लोकतंत्र और संविधान खत्म हो चुके हैं। संसद, न्यायपालिका, मीडिया और चुनाव आयोग आदि सभी दबाव में काम कर रहे हैं। राहुल गांधी के आह्वान के मायने थे कि अेमरिका और यूरोपीय देश लोकतंत्र के रक्षक हैं, तो वे भारत में हस्तक्षेप क्यों नहीं करते? राहुल ने विदेशी ज़मीन पर भारत को कई स्तरों पर कोसा। यह कोई नई बात नहीं थी, क्योंकि राहुल गांधी बहरीन, मलेशिया, सिंगापुर और बार-बार ब्रिटेन के विविध मंचों से भारत को अपमानित कर चुके हैं। उन्होंने यह आपत्तिजनक बयान भी दिया है कि भारत में प्रधानमंत्री मोदी मुसलमानों और सिखों को 'दोयम दरजे' के नागरिक मानते हैं। हालांकि मैं ऐसे बयान की पुष्टि नहीं कर सकता, क्योंकि राहुल के विवादित वीडियो में मैंने यह नहीं सुना। अलबत्ता बार-बार आग्रह करने के बावजूद कांग्रेस के प्रवक्ता और नेता प्रधानमंत्री के ऐसे बयान वाले वीडियो को सार्वजनिक नहीं कर सके, लेकिन अनर्गल अलाप जारी हैं।

बहरहाल भाजपा ने राहुल गांधी के प्रवचन को एकदम लपक लिया और पार्टी इसे 'राष्ट्रवाद-विरोध' के तौर पर पेश करेगी। लोकसभा में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सबसे पहले मांग की है कि



कांग्रेस नेता माफी मांगें। उन्होंने स्पीकर से यह आग्रह भी किया कि समूची लोकसभा ऐसी बयानबाजी की भर्त्सना करे। उनके बाद राज्यसभा में सदन के नेता एवं वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने यह मांग दोहराई।फिर संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लादजोशी, कानूनमंत्री किरन रिजिजू और महिला, बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी की माफी की मांग को दावानल का रूप दे दिया। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कांग्रेस सांसद के खिलाफ 'देशद्रोह' का केस दर्ज करने का आग्रह किया, तो कुछ भाजपा सांसदों ने राहुल गांधी की सांसदी ही रद्द करने के मद्देनजर विशेष समिति बनाने की मांग की। अभूतपूर्व और अप्रत्याशित दृश्य सामने आए कि संसद के दोनों सदनों में सत्ता-पक्ष के सांसदों ने ही हर रोज़ हंगामे की पहल की और राहुल की माफी का प्रलाप जारी रखा। संसद चलाने की प्राथमिक और बुनियादी जिम्मेदारी सत्ता-पक्ष की होती है, क्योंकि उसे विधायी कार्य सम्पन्न कराने होते हैं, लिहाजा सरकार एक कार्यक्रम स्पीकर और सभापति को देती है, लेकिन विपक्ष का सहयोग और उसकी रचनात्मक भूमिका भी उतनी ही जरूरी है। लोकसभा की एक दिन की कार्यवाही पर औसतन 9 करोड़ रुपए और राज्यसभा पर करीब 6 करोड़ रुपए खर्च किए जाते हैं। इसके अलावा, प्रत्येक सांसद के संसद में प्रवेश करते ही 2000 रुपए का दैनिक भत्ता तय हो जाता है। सदन की कार्यवाही चले अथवा नारेबाजी, हंगामा होता रहे और कार्यवाही कुछ ही मिनटों में स्थगित करनी पड़े, लेकिन सांसद के 'आर्थिकहित' सुरक्षित रहते हैं।

कांग्रेस राहुल गांधी के समानांतर प्रधानमंत्री मोदी के एक पुराने बयान को बार-बार दोहरा रही है और उसे 'भारत-विरोधी' करार दे रहीहै। प्रधानमंत्री ने इस आशय का बयान 2015-16 में शंघाई, सियोल और टोरंटो में अलग-अलग मंचों पर दिया था। दरअसल प्रधानमंत्री भारतवंशियों को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने लोगों के जरिए यह मान्यता सामने रखी थी कि भारत में जन्म लेने को पहले 'पाप' समझा जाता था! क्या देश है, क्या सरकार है, क्या हालात हैं...ऐसे शब्द प्रधानमंत्री ने भारतवंशियों से साझा किए थे। दूसरी ओर प्रधानमंत्री रहीं इंदिरा गांधी का उदाहरण दिया जाता है कि आपातकाल के बाद जब केंद्र में जनता पार्टी की सरकार आई थी और उन्हें कुछ दिनों के लिए जेल जाना पड़ा था, तब भी लंदन की विदेशी ज़मीन पर उन्होंने भारत के विरोध में कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया था। मेरा अपना मानना है कि प्रधानमंत्री मोदी की सोच और उनके वक्तव्य के संदर्भ कुछ भी रहे हों, लेकिन उन्हें भी ऐसे उथले बयानों से बचना चाहिए। प्रधानमंत्री का पद राष्ट्रीय है, उसका अपना गौरव, अपनी गरिमा है, लिहाजा प्रधानमंत्री को देश का यथार्थ भी इस तरह बयान ही करना चाहिए। बहरहाल इसके ये मायने भी नहीं हैं कि राहुल गांधी को भी विदेश में 'उजालों को अंधेरा' कहने का कोई लाइसेंस मिल गया है।

अब राजनीति के कारण संसद में भी गतिरोध है, क्योंकि भाजपा सांसद और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपीनड्डा लगातार राहुल की माफी पर अड़े हैं। कांग्रेस अडानी मामले में जेपीसी के गठन पर अड़ी है। उस संदर्भ में विपक्ष के करीब 200 सांसदों ने एक ज्ञापन प्रवर्तन निदेशालय को भेजा है कि अडानी के घोटालों की जांच की जाए। दिलचस्प यह है कि तृणमूल समेत वाईएसआर कांग्रेस, बीजद, तेलुगू देशम पार्टी, बसपा और अन्नाद्रमुक आदि 13 राजनीतिक दल कमोबेश विपक्षी मुहिम से बाहरहैं। संसद में इन दलों के 142 सांसद हैं। अब राहुल गांधी ने स्पीकर से मुलाकात कर सदन में अपनी बात कहने का अनुरोध किया है। सवाल है कि क्या संसद की कार्यवाही अगले सप्ताह चलनी शुरू होगी और राहुल अपना पक्ष रख सकेंगे? क्या भाजपा सांसद राहुल की माफी के बिना किसी समझौते को सहमत हो जाएंगे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## गुरला में छात्र-छात्राओं को दी विदाई



गरीबो का सितारा

**गुरला, बद्री लाल माली।** नेशनल हाईवे 758 स्थित गुरला के वार्ड नं 4 सरस्वती विद्या निकेतन स्कूल में शनिवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों को विदाई दी गई। समारोह में मुख्य अतिथि मधु लुहार एवं वरिष्ठ अथिति दिनेश तिवाड़ी ने की। अध्यक्षता संस्था प्रधान माया त्रिपाठी ने की। समारोह में छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। वहीं आठवीं के विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया और विदाई दी। संचालन पुरषोत्तम त्रिपाठी ने किया। विद्यालय के बच्चे एवं स्टाप उपस्थित थे।

## राठ की बेटी ड़ॉ चेतना का नीट में चयन: ऑल इंडिया में 1895 वीं रैंक



गरीबो का सितारा

**वी.पी.मीणा बहरोड़।** कस्बे के रीको क्षेत्र वीआईपी कॉलोनी निवासी पूर्व वैश्य समाज अध्यक्ष किशन लाल अग्रवाल की पुत्री ड़ॉ चेतना अग्रवाल ने नीट पीजी में ऑल इंडिया में 1895 वीं रैंक पाकर नाम रोशन किया। इस दौरान जिला प्रमुख बलवीर सिंह छिल्लर ने बेटी के निवास पर पहुँचकर माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। व उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही बताया की इस तरह के होनहार विद्यार्थियों से हमारा यह राठ क्षेत्र गौरवान्वित होता है। ड़ॉ अग्रवाल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता सहित गुरुजनों को दिया। अपनी बात रखते हुए बेटी ने बताया कि लड़कियों को कभी भी अपने आपको कमजोर महसूस नही करना चाहिए। अपने लक्ष्य को बनाकर प्रगति के मार्ग से मंजिल के सफर तक किसी भी लोभ में विचलित नही होना चाहिए। मेहनत करने वाले विद्यार्थियों को निश्चित सफलता हासिल होती है।

## जानलेवा हमले का फरार ईनामी आरोपी राहुल सैनी गिरफ्तार

गरीबो का सितारा

**वी.पी.मीणा बहरोड़।** बहरोड़ पुलिस की ओर से कार्रवाई करते हुए 1 वर्ष 5 माह से फरार 2 हजार का इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया। थाना अधिकारी विरेंद्र पाल विश्नोई ने जानकारी देते हुए बताया



कि मुखबिर की सूचना पर 27 वर्षीय राहुल सैनी उर्फ बिल्लू उर्फ बल्ला पुत्र राजू माली निवासी ढाणी कोजिन्दा हरियाणा को गिरफ्तार किया गया। गौरतलब है मोमनपुर तलवाड़ निवासी विक्रम सिंह पुत्र सूरजभान यादव ने 4 सितंबर 2021 को पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया की मेरे भाई अमरसिंह को अपने घर से योगेश कुमार पुत्र कृष्ण कुमार यादव मोमनपुर तलवाड यह कहकर ले गया कि ताऊ आप मेरे साथ चलो इंतकाल दर्ज करवाना है। रास्ते में एक अन्य व्यक्ति को बुलाकर दहमी गांव के पास नशीली कोल्ड ड्रिंक पिलाकर रैवाणा की तरफ ले गए। व लात गुस्से मारपीट कर गले में कपड़ा डालकर उसे जान से मारने की नियत से उसका गला दबा दिया व उसे मरा हुआ समझकर छोड़कर भाग गए। जब होश आया तो किसी के फोन से हमको सूचना दी मौके पर जाकर देखा तो उसकी हालत गंभीर थी जिसे आसपास में भर्ती करवाया गया। मेरे भाई का नॉमिनी योगेश है। बैंक में जमा पैसे व संपति को हड़पने के लिए यह घटना की गई। मामले में पुलिस ने आरोपी योगेश कुमार पुत्र कृष्ण कुमार को पूर्व में गिरफ्तार कर लिया था। शेष बाकी आरोपी राहुल सैनी को शनिवार को गिरफ्तार किया गया।

## सेंट्रल गवर्नमेंट पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा द्विवार्षिक अधिवेशन, वरिष्ठ जन सम्मान समारोह एवं होली स्नेह मिलन का कार्यक्रम का आयोजन आज

गरीबों का सितारा

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** सेंट्रल गवर्नमेंट पेंशनर्स एसोसिएशन उप शाखा ब्यावर के तत्वाधान में एन. एम. माली अध्यक्ष सीजीपीए शाखा ब्यावर एवं सेवा निवृत्त अधीक्षक डाकघर ब्यावर एवं ओ.पी. शर्मा सचिव सीजीपीए उपशाखा ब्यावर एवं समस्त कार्यकारिणी के पर्यवेक्षण में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन आज रविवार को रखा गया है उल्लेखनीय है कि इस कार्यक्रम में केंद्रीय सरकार से सेवानिवृत कर्मचारी गण एक साथ यहां पर एकत्रित होंगे जिसमें जयपुर ,अजमेर, कोटा, भीलवाड़ा जोधपुर, अलवर तथा और भी कई इकाइयों के पदाधिकारी भाग लेंगे साथ ही इस कार्यक्रम में विशेषकर जो वरिष्ठ जन 75 वर्ष से अधिक की आयु प्राप्त कर चुके हैं उनका सम्मान /अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया है तथा जिन वरिष्ठ जनों का माह फरवरी और मार्च 2023 में जन्म दिवस पड़ता है उनका भी सम्मान और जन्म दिवस मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम विशेष रूप से शाखा के दो वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में खुले अधिवेशन के रूप में आयोजित किया जा रहा है जिसमें नए पदाधिकारी और कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा तथा सेवा निवृत्त कर्मचारियों के जनकल्याण के मुद्दों पर विशेष चर्चा होगी तथा उनकी समस्याओं का निवारण भी सुनिश्चित किया जाएगा कार्यक्रम की समाप्ति के पश्चात होली स्नेह मिलन का कार्यक्रम भी रखा गया है जिसमें फूलों से होली खेली जाएगी।



# बहरोड़-नीमराणा को जिला नही बनाने पर आक्रोश, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

बीजेपी व कांग्रेस नेता में दिखा आक्रोश

गरीबो का सितारा

**वी.पी.मीणा, बहरोड़।** नीमराणा के पंचायत समिति के सामने शनिवार को बहरोड व नीमराणा के भाजपा नेताओं द्वारा नीमराणा बहरोड को कोटपूतली जिला बनाकर उसके अधीन करने के विरोध में धरना प्रदर्शन किया गया व बहरोड़ नीमराना को जिला बनाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सीएम को ज्ञापन सौंपा गया। अपने उध्बोधन में नेताओं ने बताया कि विधायक बलजीत यादव अपने निजी स्वार्थ के कारण बहरोड़ का कोटपूतली को जिला बनाने के लिए सौदा कर दिया। हमारा। बहरोड जिले बनने की सभी मापदंडों को पास करता है। पूरे देशभर सहित विदेशों में नीमराणा अपना अहम स्थान रखता है लेकिन उसके बाद भी जिला नही बनाया गया।




### क्या, कहा राजनेताओं ने...



बहरोड़ नीमराना को अलवर जिले से निकाला गया है। आने वाले कल अलवर जिला-परिषद से निकाला जाएगा और परसों आने वाले समय में परिसीमन होने पर अलवर लोकसभा से भी निकाल दिये जाने का रास्ता तय कर दिया गया है।
**- वरिष्ठ नेता, बस्तीराम यादव**



बहरोड़ जिला नहीं बना यह राठ क्षेत्र की जनता के साथ धोखा है। 17 मार्च को मुख्यमंत्री ने 19 नए जिलों की घोषणा की है जिसमें एक जिला कोटपूतली बहरोड़ है। बहरोड़-नीमराना को एक स्वतंत्र जिला नहीं बनाया गया इसका मैं पुरजोर विरोध करता हूं। और सरकार से मांग करता हूं की पुनर्विचार कर बहरोड़ नीमराना को स्वतंत्र जिला बनाया जाए।
**- कांग्रेस नेता, ड़ॉ. आरसी यादव**



जयपुर उत्तर, जयपुर दक्षिण, कोटपुतली और दूदू को जिला बनाया गया है। दूदू में गहलोत के करीबी विधायक बाबूलाल नागर हैं। वहीं, कोटपुतली के विधायक गृह राज्यमंत्री राजेंद्र यादव हैं। राजेंद्र ने जिला नहीं बनने पर चुनाव नहीं लड़ने की घोषणा की थी। हमारी सरकार से मांग है कि बहरोड व नीमराणा को जिला बनाया जाए।
**- बलवान यादव, बीजेपी नेता**

## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में तहसील स्तर पर प्रावण्य सूची में आने वाले विद्यार्थियों का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन



गरीबो का सितारा

**कुचामनसिटी (अनिल सिखवाल)।** अखिल विश्व गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2022 - 23 में तहसील स्तर पर प्रावण्य .सूची में पीईईओ उगरपुरा के आने वाले विद्यार्थियों का राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय उगरपुरा में प्रतिभा सम्मान किया गया ।कार्यक्रम का प्रारंभ गायत्री शक्तिपीठ के परिव्राजक महेश चौरसिया द्वारा युग निर्माण गीत के साथ हुआ । गायत्री शक्तिपीठ कुचामन के व्यवस्थापक एवं परीक्षा के जिला सह संयोजक भैरूलाल उपाध्याय ने बताया राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बाग वाली कोठी की कक्षा पांच की छात्रा हिमांशी द्वितीय स्थान पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आसनपुरा कक्षा 11 का छात्र राजूराम कुमावत द्वितीय स्थान पर एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय उगरपुरा कक्षा सात की छात्रा मनीषा कुमावत ने प्रथम स्थान प्राप्त करने पर नगद राशि पुरस्कार प्रमाण पत्र एवं सद्साहित्य प्रदान कर सम्मानित किया गया पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी मोहनलाल गुप्ता ने इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा प्रतिभा सम्मान से अन्य विद्यार्थियों में प्रेरणा मिलती है ।कार्यक्रम को संचालित करते हुए सत्य प्रकाश शर्मा सच ने विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति से ओतप्रोत विभिन्न रोचक प्रेरणादायी बातें बताई ।कार्यक्रम में नरेंद्र कुमार कुमावत सिंभूसिंह , रेखा शर्मा , विनोद कुमार , संजय कुमार , बाबुराम विश्नोई, ईश्वर राम बेड़ा , दिलीप सिंह ,बाबूलाल, सुशीला गहन , मधु शर्मा जमना कुमारी , शंकरलाल , सुलेन्द्र कुमार , सूरज रॉयल तीजू देवी एवं गीता देवी ने शिरकत की।



## सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने अलवर ग्रामीण क्षेत्र की ग्राम पंचायत दादर में विभिन्न विकास कार्यों का हुआ उद्घाटन





### बेटियों से फीता काटकर उद्घाटन व शिलान्यास

गरीबों का सितारा

**युवराज शर्मा, अलवर।** मंत्री जूली ने ग्राम पंचायत दादर में एसएफसी 6वीं योजना अन्तर्गत निर्मित जगदीश के मकान से पंचो के मकान की ओर, सूरज के मकान से श्रवन के प्लाट की ओर, मुंशी से लक्ष्मण सैनी के मकान की ओर एवं एफएफसी-14 योजना अन्तर्गत निर्मित बाबूलाल के मकान से गोरधनी पंच के मकान की ओर इन्टर लॉकिंग रोड मय नाली के निर्माण कार्य उद्घाटन तथा सामुदायिक भवन निर्माण का शिलान्यास किया। उन्होंने ग्रामीणों की मांग पर सपेरा बास में सडक, बोरिंग, खेल मैदान, पंचायत भवन के पास पानी की टंकी एवं महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बनवाने की घोषणा की। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा विगत चार वर्षों के कार्यकाल में ऐतिहासिक कार्य किए है जिनमें शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में अभूतपूर्व कार्य किए है जिसके माध्यम से आमजन को लाभांवित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा गुड गवर्नेंस को विशेष तरजीह देते हुए प्रदेश भर में एक साथ 19 नए जिलों की घोषणा की है जो देश के इतिहास में पहली बार उठाया गया कदम है जिससे विकास को और गति मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि अलवर ग्रामीण क्षेत्र की लगभग सभी मांगों को पूरा करने का सकारात्मक प्रयास किया गया है तथा शेष कार्य भी तीव्र गति से पूरा किया जा रहा है। उन्होंने राज्य सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा बजट में ऐतिहासिक बजट पेश कर सभी वर्गों व सभी क्षेत्रों के विकास एवं उनकी मूलभूत सुविधाओं का विशेष ध्यान रखते हुए प्रदेश के सभी जिलों को योजनाओं व अन्य माध्यमों से सौगातें दी गई है। उन्होंने कहा कि यह बजट प्रदेश के विकास की गति को बढाने का काम करेगा। उन्होंने कहा कि पेश किए गए बजट में बीपीएल, उज्ज्वला योजना में शामिल परिवारों को 500 रुपए में गैस सिलेंडर, मुख्यमंत्री निःशुल्क बिजली योजना के तहत 100 यूनिट प्रतिमाह तक बिजली निःशुल्क, राजीव गांधी स्कॉलरशिप फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस योजना के तहत 200 विद्यार्थियों के दायरे को बढाते हुए 500 होनहार विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप, मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा के तहत 25 लाख रुपए तथा चिरंजीवी दुर्घटना बीमा योजना के तहत 5 लाख से बढाकर 10 लाख रुपए सहित विभिन्न योजनाओं में आमजन को लाभांवित कराने का सकारात्मक प्रयास किया गया है। इस अवसर पर उमरैण प्रधान दौलतराम जाटव, मालाखेडा प्रधान वीरमती देवी, उप प्रधान महेश सैनी, सरपंच भाखेडा विलायती, दादर सरपंच सुमन बनेसिंह गुर्जर, जफरू खान, नरेन्द्र सावित्री मीना, पूर्व प्रधान मंदोदरी, सीमा राकेश बसवाल, जोरमल, धारा जोशी, संजय दादर, सुरेश, नितिन धाकड सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



## नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी ने करुणा के वैश्वीकरण पर रखी अपनी बात

ग्लोबल बाकू फोरम का 10वां संस्करण का आयोजन किया गया



गरीबों का सितारा

**रैणी (अलवर), महेश चन्द मीना।** निजामी गंजवी इंटरनेशनल सेंटर का प्रमुख कार्यक्रम, ग्लोबल बाकू फोरम का 10वां संस्करण बाकू, अजरबैजान में "वर्ल्ड ऑफ टुडे: चैलेंज एंड होप्स" के शीर्षक के साथ आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम में वैश्विक सुरक्षा के लिए नए/पुराने खतरों, वैश्विक शांति के लिए हम कैसे सुधार कर सकते हैं, दुनिया में उभर रही चुनौतियों पर कैसे काम किया जाये , एशिया के देश, यूरोप का भविष्य, अफ्रीका का भविष्य, वैश्विक विकास और सुरक्षा के लिए चीन की भूमिका जैसे मुद्दों पर भी चर्चा की गई इसके अलावा प्रमुख क्षेत्रीय मुद्दे जिनमें शामिल हैं: सभी के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा का भविष्य; विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार और वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं और भविष्य के शहरों, स्थिरता और वैश्विक अर्थव्यवस्था को कैसे बदलना है विषयो पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई इस कार्यक्रम में दुनिया भर से 400 से अधिक देशों के लोगो ने भाग लिया जिनमे 100 से अधिक देशो के वर्तमान एवं पूर्व राष्ट्रपति , प्रधानमंत्री, नोबेल पुरस्कार विजेता, संयुक्त राष्ट्र संघ के पदाधिकारी, एवं बहुत सारे अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।इस कार्यक्रम में विशेष रूप से दुनिया भर से चुन कर 20 युवाओं नेताओ को आमंत्रित किया गया जिसमें बाल आश्रम ट्रस्ट द्वारा संचालित बाल मित्र ग्राम की ललिता दुहारिया जो वर्तमान में राष्ट्रीय बाल महा पंचायत की अध्यक्ष है एवं बाल आश्रम ट्रस्ट के ही किंसु कुमार ने सभी के बीच बच्चों की शिक्षा के विषय पर अपनी बात सभी के सामने रखी दोनों ने इस बात पर जोर दिया की किस तरह शिक्षा समाज में बदलाव ला सकती है कार्यक्रम में भारत के नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी ने करुणा के वैश्वीकरण पर अपनी बात रखी साथ ही सभी को बताया की कैसे करुणा के माध्यम से पुरे विश्व को खुशहाल और खास कर के बच्चों के लिए बेहतर बनाया जा सकता है बाल आश्रम ट्रस्ट की मैनेजिंग ट्रस्टी अस्मिता सत्यार्थी भी शामिल रही और सभी प्रतिभागियों से मिल कर एक करुणामय विश्व बनाने पर चर्चा की यह सारी जानकारी मिडिया को गोलाकाबास से रितिक शर्मा के द्वारा दी गई है।




# प्राइवेट अस्पतालों के संचालक चिकित्सकों ने राइट टू हेल्थ बिल के विरोध में निकाला कैण्डल मार्च









गरीबों का सितारा

**रूपेश शर्मा अलवर।** अलवर जिले के प्राइवेट अस्पतालों में चिरंजीवी एवं राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम योजना के तहत मरीजों का इलाज करना बंद कर दिया है। वहीं प्राइवेट अस्पताल संघर्ष समिति के अध्यक्ष डॉ विजयपाल यादव ने सरकार को चेताते हुए शनिवार को राइट टू हेल्थ बिल के विरोध में शहर में कैण्डल मार्च निकाला ओर बिल का विरोध किया। डॉ. विजय पाल यादव ने बताया कि राइट टू हेल्थ बिल न ही जनता के हित में है ओर ना ही डॉक्टर के हित में है। कैण्डल मार्च शहर के नंगली सर्किल से होकर निकाला ओर शहीद स्मारक पर पहुंचकर शहीदों को नमन करते हुए समापन किया। प्रातः 10:00 बजे आईएमए हॉल में मीटिंग रखी गई तथा राइट टू हेल्थ बिल के बारे में सभी डॉक्टर्स ने अपनी राय रखी डॉ. विजय पाल यादव ने बताया कि इसमें पैकेज राशि बहुत कम है। इतने में इलाज संभव नहीं है। चिंरजीवी में सबका इलाज हो रहा था लेकिन पैकेज का पैसा सरकार ने नहीं दिया। मरीज इलाज कराकर चले गए लेकिन अब तक पेमेंट नहीं मिला है। सभी चिकित्सकों ने राइट टू हेल्थ बिल से होने वाली परेशानियों के बारे में अपने विचार रखे। इस मौके पर डॉ जी एस सोलंकी, डॉ जी सी मित्तल, डॉ एस सी मित्तल, डॉ अनिल सरदाना, डॉ अनिल सपरा, डॉ सुनील रस्तोगी, डॉ सुरेश गुप्ता, डॉ सुरेश गुप्ता ,डॉ उदय भान यादव, डॉ राजवीर चौधरी, डॉ मुकेश गुप्ता, डॉ मुकेश गुप्ता , डॉ अनिल गुप्ता, डॉ दिलीप सेठी, डॉ चिराग जायसवाल, डॉ सुनील वर्मा, डॉ मुनेंदर गोयल, डॉ सुधीर गुप्ता, डॉ गिर्राज सोनी, डॉ राजेंद्र गुप्ता, डॉ सुशील जैन, डॉ तैयब खान, डॉ अनुभव शर्मा, डॉ लवेश गुप्ता, डॉ दीपेश गुप्ता, डॉ राजेंद्र जुनेजा, डॉ बी के सैनी, डॉ बी एस सैनी, डॉ अमित खंडेलवाल, डॉ बी लाल गुप्ता, डॉ विजेंद्र गर्ग, डॉ विदित गुप्ता, डॉ दीपक श्रीवास्तव, डॉ हनी निश्चल, डॉ विजय चौधरी, अध्यक्ष अरसिदा एवं सचिव आईएमए डॉ संजय सैनी, डॉ विकास जैन डॉ सोमेंद्र शर्मा डॉ मुकेश गुप्ता, डॉ प्रमोद रावत, डॉ राकेश गुप्ता, डॉ सत्येंद्र मित्तल, डॉ अभिषेक गोयल डॉ अनुराग मीणा डॉ विष्णु अग्रवाल डॉ नंदिनी शर्मा डॉ रेखा गुप्ता डॉ विष्णु गुप्ता डॉ कर्मवीर चौधरी डॉ दौलत राम पटेल डॉ ओपी अटल डॉ अनिल गुप्ता डॉ अनुराग सिंह चौहान डॉ अवध अग्रवाल डॉ अनुभव शर्मा डॉ मजलिस अहमद, डॉ अनुज गुप्ता डॉ डी आर पटेल, डॉ विक्रांत सोलंकी आदि डॉक्टर मौजूद थे।



गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# दी सीख : मत्स्य साहित्य महोत्सव कार्यक्रम समारोह में समय से पूर्व पहुंचे अलवर जिला कलेक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी

## कलेक्टर सोनी ने सभी को समय-पाबन्दी की दी सीख

इस दौरान रैणी एसडीएम अनिल सिंघल, तहसीलदार सौरव सिंह गुर्जर और रैणी बीडीओ कालूराम मीना अपनी टीम सहित रहे मौजूद





अलवर कलेक्टर सोनी ने मशाल जलाकर कार्यक्रम की शुरूआत की

**गरीबों का सितारा**

**रैणी(अलवर), महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी उपखण्ड क्षेत्र के माचाड़ी कस्बे मे 18 व 19 मार्च को मत्स्य साहित्य महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसकी शुरूआत अलवर जिला कलेक्टर डाक्टर जितेंद्र कुमार सोनी के द्वारा मशाल जलाकर की गई और इस दौरान देश के विख्यात जाने माने कवि , साहित्यकार भी मौजूद थे तथा स्थानीय सरपंच इन्दू बाला सहित रैणी उपखण्ड अधिकारी अनिल सिंघल व रैणी तहसीलदार सौरव सिंह गुर्जर और रैणी बीडीओ कालूराम मीना अपनी टीम सहित मौजूद रहे। यह कार्यक्रम वर्तमान मे संचालित सरकारी सीनियर स्कूल माचाड़ी परिसर मे स्थित छतरियो के पास बने कुण्ड मे रखा गया है और कुण्ड को इस तरह से सजाया गया है कि कुण्ड की सजावट को देखकर मोजूद सभी आमजन व बाहर से आये हुए मेहमान भी दातो तले अंगुली दबाते दिखाई दिए और कलेक्टर सोनी के द्वारा भी सजाये गये कुण्ड की सराहना की गई। इस दौरान



अलवर कलेक्टर सोनी ने समय के पाबन्दी का पाठ सभी को पढा दिया क्योकि कलेक्टर अलवर ही इस कार्यक्रम मे शामिल होने वाले पहले मेहमान थे इसलिए कार्यक्रम मे उपस्थित सभी मेहमानो ने व आमजन ने इसके लिए अलवर कलेक्टर की सराहना की और समय की पाबन्दी का मन ही मन सभी ने स्वतः ही पाठ पढ लिया। इससे पहले भी अलवर कलेक्टर ने नवम्बर 2022 मे इसी विधालय प्रांगण मे राजा हेमु की छतरी और कुण्ड का पुनरुद्धार कराने के लिए आये थे। इस दौरान कलेक्टर अलवर ने बताया कि मै भी साहित्यकार भी हू इसलिए मै इस कार्यक्रम मे शामिल होकर बहुत खुश हु और मै चाहता हू कि शहरो की तरह ही ग्रामीण क्षेत्र का भी विकास होता रहे इसलिए मै चाहता हू कि जो कार्यक्रम अलवर शहर मे आयोजित होते रहे है उनमे से कुछ कार्यक्रमो को तहसील स्तर या उपखण्ड स्तर पर कस्बो मे आयोजित कराते रहना चाहिए जिससे गांव के आमजन को भी इन कार्यक्रमो के बारे मे जानकारी मिलती रहे। इसी दौरान कलेक्टर सोनी ने ग्राम पंचायत डोरोली मुख्यालय पर जाकर जनसुनवाई की तथा डोरोली के बाद पिनान पंचायत मुख्यालय पर भी सभी विभागो के अधिकारियो की मौजूदगी मे जनसुनवाई की। इस दौरान भी सभी आम जनता से सुनने को ये ही बात मिली कि हमारा अलवर जिला कलेक्टर बहुत भला आदमी है जो आमजन से आमजन की भाषा मे बात कर दुख दर्द को समझता है इसलिए चारो ओर कलेक्टर की प्रशंसा होती हुई दिखाई दी। अलवर कलेक्टर सोनी को मत्स्य साहित्य महोत्सव कार्यक्रम से इतना ज्यादा लगाव हुआ कि डोरोली और पिनान पंचायत मुख्यालय पर जनसुनवाई के बाद पुनः मत्स्य साहित्य महोत्सव कार्यक्रम मे शामिल हुए और कार्यक्रम की सराहना की।

# चौमूं-सामोद रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का ठहराव नही होने से नाराज यात्रियों ने किया हंगामा

## रेल्वे प्रशासन के खिलाफ जमकर की नारेबाजी, किया विरोध प्रदर्शन

### चौमूं सामोद रेल्वे स्टेशन का मामला

**गरीबों का सितारा**

**चौमूं (सुनील कुमार पाराशर)।** अमरापुर-अरावली एक्सप्रेस ट्रेन का शहर के चौमू सामोद रेलवे स्टेशन पर ठहराव नही होने के चलते नियमित रूप से ट्रेन का सफर कर अपनी दैनिक मजदूरी के लिए जयपुर जाने वाले सैकड़ों यात्रियों ने शनिवार को रेलवे स्टेशन पर जमकर हंगामा किया एवं यात्रियों ने रेलवे प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जाहिर हुए जमकर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया ' बता दे कि चौमूं -सामोद रेलवे स्टेशन पर सैकड़ों यात्रियों को अरावली एक्सप्रेस ट्रेन के सफर का लाभ मिलता था ' लेकिन अब ट्रेन का ठहराव स्टेशन पर नहीं होने के चलते यात्रियों को आवागमन में अच्छी खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ' स्थानीय मोरीजा रोड कृष्णा कॉलोनी निवासी संजय शर्मा ने बताया कि चौमूं सामोद रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन चौमूं व आस-पास के सभी गांवों के सैकड़ों यात्री अपनी मजदूरी के लिए चौमूं से जयपुर व जयपुर से चौमूं के लिए आवागमन करते है ' वही चौमू सामोद रेलवे स्टेशन पर अरावली एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव नहीं होने के चलते यात्रियों को चौमूं -जयपुर -चौमूं के आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है ' यात्री शर्मा ने बताया कि अमरापुर-अरावली एक्सप्रेस ट्रेन श्रीगंगानगर से रात 11:00 बजे चलकर सुबह करीब 8:15 बजे चोमू सामोद रेलवे स्टेशन पर पहुंचती है और शाम को वापसी के समय बांद्रा से आते समय जयपुर से 6:00 बजे चलकर 6:35 बजे के करीब चोमू सामोद रेलवे स्टेशन पहुंचती थी ' जिससे अपनी दैनिक मजदूरी के लिए आने जाने वालों को राहत मिलती थी ' मगर पिछले कुछ दिनों से ट्रेन के स्टेशन पर नहीं ठहरने से यात्रियों में काफी आक्रोश पनप रहा है ' जिसके चलते शनिवार को ट्रेन के नही रुकने पर यात्रियों ने हंगामा किया।



**इनका कहना है...**

6 महीने के लिए अरावली एक्सप्रेस ट्रेन को चोमू सामोद रेलवे स्टेशन पर रुकने के लिए आदेश जारी हुए थे ' लेकिन अब ट्रेन कब से रुकेगी यह उच्च अधिकारियों के निर्देश के बाद ही पता चलेगा ' ट्रेन के रुकने/रोकने को लेकर हमारे पास अभी फिलहाल कोई दिशा-निर्देश नहीं है।

**-नागरमल, स्टेशन अधीक्षक रेल्वे स्टेशन चौमूं-सामोद**

# सुकून और शांति के साथ सफलता पाने के लिए इनर हेल्थ पर भी ध्यान देना जरूरी : बीके शिवानी

## प्रमुख शासन सचिव कुलदीप रांका और आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने भी मंच पर रखे अपने विचार

### संकल्प से सिद्धि को भी बताया सफलता का आधार

**गरीबों का सितारा**

**जयपुर।** बीके (ब्रह्मकुमारी) सिस्टर शिवानी ने कहा कि सुकून और शांति के साथ कामयाबी पाने के लिए इनर हेल्थ पर ध्यान देना ज्यादा जरूरी है। उन्होंने कहा कि स्वयं को एंपावर करके ही हम समाज को एंपावर कर सकते हैं। सिस्टर शिवानी शनिवार को माहेश्वरी पब्लिक स्कूल के ऑडिटोरियम में आवासन मंडल और फिक्की फ्लो के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित 'मेनिफेस्टिंग एक्सीलेंस' मोटिवेशनल कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि आज के दौर में संकल्प से ही सिद्धि प्राप्त की जा सकती है। सकारात्मक और बेहतर सोच ही हमें कामयाबी और शांति की राह दिखा सकती है। संकल्प से सिद्धि में वह ताकत है, जिससे जो चाहते हैं वह सिद्ध हो सकता है। सिस्टर ने कहा कि सफलता के लिए पावर ऑफ माइंड का सकारात्मक होना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा





कि संस्कार और सभ्यता ही बेहतर संस्कार का निर्माण कर सकती है। हम अपनी संस्कृति को बचाकर भी को बचाकर भी राष्ट्र सेवा कर सकते हैं। सिस्टर शिवानी ने मौजूदा मोबाइल के सही इस्तेमाल को सबसे बड़ी चुनौती बताया। उन्होंने कहा कि सोने से 1 घंटे पहले मोबाइल का त्याग और रात्रि को 10 बजे सोकर सुबह 5 बजे ब्रह्म मुहूर्त या अमृतवेला में उठकर हम इनर हेल्थ पर ज्यादा फोकस कर सकते हैं। उन्होंने मानसिक शांति के लिए आंतरिक शांति को पाने पर भी जोर दिया। प्रमुख शासन सचिव श्री कुलदीप रांका ने कहा कि हमने भौतिक सुविधाएं तो बहुत जुटा ली लेकिन आत्मिक गुणों में बढ़ोतरी नहीं कर पाए। इसके चलते जीवन में अशांति और तनाव में बढ़ोतरी हो रही है। उन्होंने कहा कि हमें एक बार फिर आत्मिक गुण, संस्कार और समता की ओर लौटना होगा। आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने कहा कि एक दौर था जब मंडल को बंद करने की चचाएं होने लगी थी लेकिन कार्मिकों की ऊर्जा और सकारात्मक सोच के चलते आज मंडल ने 8500 करोड़ रुपए का टर्नओवर को हासिल कर लिया है। उन्होंने इस अवसर पर मंडल कार्मिकों की दिल खोलकर प्रशंसा भी की। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए माहेश्वरी पब्लिक स्कूल स्पॉन्सर उज्जीवन बैंक का भी आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मंडल सचिव अल्पा चौधरी, मुख्य अभियंता केसी मीणा सहित प्रदेशभर से आए मंडल के अन्य अधिकारीगण तथा फिक्की फ्लो जयपुर की चेयरपर्सन मुद्रिका धोका, नीता भूचरा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# ब्यावर जिला बनने की घोषणा के बाद कांग्रेस के युवा नेता चौहान ने अपने राजनीतिक भगवान मुख्यमंत्री की मुक्त कंठ से प्रशंसा

## जिले बनने में ब्यावर की जनता और पत्रकारों को दिया श्रेय





**गरीबों का सितारा**

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** वैसे देखा जाए तो ब्यावर राजस्थान में तिलपट्टी के नाम से मशहूर है माननीय मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 19 जिलों की घोषणा की थी जिसमें ब्यावर का नाम भी विद्यमान है उसके बाद ब्यावर शहर में खुशी का माहौल बन गया घोषणा के बाद कांग्रेस के युवा नेता एवं कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी मनोज चौहान ने शनिवार को श्री होटल में प्रेस वार्ता का आयोजन रखा साथी अवसर पर मनोज चौहान ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि ब्यावर को जिला बनाने में मेरे राजनीतिक भगवान माननीय मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का विशेष योगदान है साथ ही ब्यावर को जिला बनाने में ब्यावर की जनता और ब्यावर के पत्रकारों को श्रेय दिया जाता है क्योंकि ब्यावर के पत्रकारों ने अपनी लेखनी के माध्यम से ब्यावर के जिले की मांग को सदैव उठाते रहे हैं ब्यावर के जिले की घोषणा के बाद कांग्रेस के विधानसभा प्रत्याशी रहे मनोज चौहान ने ब्यावर को जिला बनने पर ब्यावर मीडिया से जुड़े पत्रकारों बंधुओ का भारतीय संस्कृति के तहत भव्य अभिनंदन किया चौहान का कहना है कि यूं तो ब्यावर को जिला बनाने के लिए बरसों से आवाज उठ रही है लेकिन किसी भी नेता ने सत्ता में रहते हुए अपने मजबूत इरादे दमदार नीति से इस मांग को नहीं रखा केवल औपचारिक नीति के तहत कार्य किया इसी का परिणाम यह रहा कि ब्यावर को जिला बनने में इतनी देर हो गई आज से लगभग दो साल पहले मेरे द्वारा एवं मेरे समर्थकों द्वारा अपने ही कांग्रेस के शासन काल में अपने राजनीतिक भगवान 'अशोक गहलोत' से ब्यावर को जिला बनाने के सकारात्मक अभियान की शुरूआत की सभी ने इस पर चुटकी लेते हुए पहले इस बात का खूब मजाक भी उड़ाया लेकिन हमने इस तरह की चुटकी पर न ध्यान दिया न गौर किया केवल लक्ष्य को केंद्रित किया इसी का यह परिणाम है कि मेरे राजनैतिक भगवान माननीय मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मेरी मन्नत पूरी की है उक्त जिले के अभियान में ब्यावर के पत्रकार बंधुओ ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया है यूं भी मीडिया का प्रत्येक मामले में अपना अग्रण्य योगदान रहता है अत उनके निष्पक्ष कर्तव्य निर्वहन के लिए भारतीय संस्कृति के तहत उनका अभिनंदन किया जाना मेरे लिए सौभाग्य की बात है मैं उनका हृदय के अंतः करण से धन्यवाद ज्ञापित करता हूं उक्त अवसर पर मनोज चौहान ने यह भी बताया कि ब्यावर जिला बनने की घोषणा के साथ ही अब ब्यावर के विकास के नए आयाम भी स्थापित होंगे उक्त अवसर पर कांग्रेस के नेता शैलेंद्र शर्मा ने भी माननीय मुख्यमंत्री का आभार जताया तथा ब्यावर पत्रकार बंधुओं को धन्यवाद ज्ञापित किया साथ ही माननीय मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की मुक्तकंठ से प्रशंसा की है।

# आदर्श पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय सचिव शर्मा सहित संतो का किया स्वागत अभिनंदन!



**गरीबों का सितारा**

**बिजयनगर/ रामकिशन वैष्णव।** आदर्श पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय सचिव मुकेश शर्मा मानपुरा (जयपुर) से चितौड़ जाते समय अल्प प्रवास के दौरान बिजयनगर में ठहरे, जहाँ वरिष्ठ पत्रकार व कांग्रेस सेवादल जिला उपाध्यक्ष रामलाल नंगवाडा के नेतृत्व में साफा, माला, ओर शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। साथ ही विराट बजरंग दल के राष्ट्रीय संरक्षक जयनारायण दास जी महाराज, कथावाचक अवधेश दास जी महाराज, उज्जैन दत्त अखाड़ा से नील भारती महाराज का भी शाल ओढ़ाकर अभिनंदन कर संतों का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान अजमेर कांग्रेस सेवादल जिला प्रशिक्षक ज्ञानचंद गोखरू, उपाध्यक्ष लादूलाल टेलर, महावीर नाबेडा, बच्छराज साहू, जगदीश शर्मा, जगदीश सोनी, सुबोध सैन,आदिल खान, पत्रकार अनिल जांगिड़, देवेन्द्र शर्मा सहित मौजूद थे।

# चैत्र नवरात्र में आमेर महल में हाथी सवारी, नाइट टूरिज्म बंद

**गरीबों का सितारा**

**रोहन शर्मा /आमेर ।** राजधानी जयपुर के आमेर में चैत्र नवरात्रों पर शिला माता मंदिर में भक्तों की भीड़ को देखते हुए आमेर महल अधीक्षक पंकज धरेन्द्र ने बताया कि चैत्र नवरात्रों को देखते हुए 21 मार्च से 31 मार्च तक आमेर महल में हाथी सवारी और नाइट टूरिज्म पूर्णयता बंद रहेगी, आमेर महल शाम 5.30 बजे तक ही खुलेगा। नवरात्रों में पर्यटकों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

# हुरडा में तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन, 54 संभागी ने भाग लिया



**गरीबों का सितारा**

**गुलाबपुरा/ रामकिशन वैष्णव।** हुरड़ा विधालय में तीन दिवसीय ब्लॉक स्तरीय यूनिवर्सल डिजाइन फॉर लर्निंग यू डी एल प्रशिक्षण के द्वितीय चरण का समापन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गुलाबपुरा नगर कांग्रेस अध्यक्ष मधुसूदन पारीक, विशिष्ठ अतिथि सरपंच हुरडा शायरी देवी जाट ,पुलिस उप निरीक्षक राजेश तिवारी, भामाशाह एवं समाजसेवी गजराज जाट, पुलिस कांस्टेबल अमरचंद चौधरी, आसींद सीडब्ल्यूएसएन प्रभारी हेमराज जाट व कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक सत्येंद्र गर्ग ने की। अतिथियों ने मां शारदे के दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। विद्यालय परिवार की ओर से सभी अतिथियों का माल्यार्पण एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया। प्रशिक्षण में एम टी पवन कुमार जोशी एवं हेमराज जाट ने प्रशिक्षण की निशक्तता के प्रकार भूमिका के बारे में जानकारी दी । मुख्य अतिथि मधुसूदन पारीक ने दिव्यांग बच्चों को स्नेह पूर्ण वातावरण में शिक्षा प्रदान करावे जिससे यह समाज की मुख्यधारा में जुड़ सकें ' विशिष्ट अतिथि गजराज जाट ने शिक्षक बच्चों में संस्कारित शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ संस्कारवान समाज का निर्माण करने की शिक्षा प्रदान करावे ' विशिष्ट अतिथी सरपंच शायरी देवी जाट ने विद्यालय की आवश्यकता और शौचालय निर्माण करवाने का आश्वासन दिया । पुलिस उप निरीक्षक राजेश तिवारी ने कहा कि शिक्षक बच्चों में नैतिक और सामाजिक मूल्यों का विकास करें जिससे संस्कारवान समाज का निर्माण हो सके। साथ ही सभी बाइक चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें ऐसा सुझाव दिया। प्रधानाध्यापक सत्येंद्र गर्ग ने विद्यालय की समस्याओं के बारे में भामाशाह एवं अतिथियों को अवगत करवाया और साथ ही यूडीएल प्रशिक्षण से शिक्षकों का जुड़ाव और इस प्रशिक्षण का विद्यालय में प्रयोग के बारे जानकारी दी। अतिथियों एवं भामाशाहो ने प्रधानाध्यापक सत्येंद्र गर्ग की ब्लॉक स्तर के ऐसे कार्यक्रम और विद्यालय के लिए सहभागिता की भूरी भूरी प्रशंसा की। कवयित्री चंदा पाराशर ने अपनी कविताओं के द्वारा सब को भावविभोर कर दिया प्रशिक्षण में ब्लॉक हुरडा एवं आसींद से 54 संभागी भाग ले रहे हैं। प्रतिवेदन अध्यापिका ज्योति पाठक ने प्रस्तुत किया ' कार्यक्रम संचालन अध्यापक देवदत्त पारीक ने किया। प्रधानाध्यापक सत्येंद्र गर्ग ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया।

# खंडेला विधानसभा क्षेत्र को सीकर जिले में रखने की मांग, भाजपा दे रही अनिश्चितकालीन धरना

**गरीबों का सितारा**

**रींगस(अरविन्द कुमार)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा नए जिलों की घोषणा के बाद कहीं खुशी कहीं गम देखने को मिल रहा है इसी कड़ी में सीकर जिले के रींगस तहसील कार्यालय के सामने पूर्व चिकित्सा एवं स्वास्थ्य राज्य मंत्री बंशीधर बाजिया के नेतृत्व में रींगस व कोटड़ी धायलान भाजपा मंडल पदाधिकारियों के साथ खंडेला विधानसभा क्षेत्र को सीकर जिले में ही रखने की मांग को लेकर अनिश्चित काल के लिए धरना दिया जा रहा है। पूर्व चिकित्सा एवं स्वास्थ्य राज्य मंत्री बाजिया ने कहा कि खंडेला व रींगस तहसील के वासियों को नवगठित नीमकाथाना जिले में शामिल किया गया, जिसके जिम्मेदार खंडेला विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रहे सुभाष मील व खंडेला से वर्तमान विधायक महादेव सिंह दोनों है क्योंकि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है और उन्हीं के द्वारा नए जिलों का गठन किया गया है। इसलिए खंडेला विधानसभा क्षेत्र वासियों की असुविधा के लिए दोनों कांग्रेसी नेता जिम्मेदार है। वही खंडेला विधायक महादेव सिंह ने ट्वीट करके विधानसभा क्षेत्र वासियों को आश्वस्त किया है कि खंडेला विधानसभा क्षेत्र सीकर जिले में ही रहेगा नवगठित नीमकाथाना जिले में शामिल नहीं होगा।



# पत्रकार वार्ता: बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय का प्रथम दीक्षांत समारोह

**गरीबों का सितारा**

**बीकानेर।** बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय तकनीकी शिक्षा के सशक्तिकरण, विश्वविद्यालय के सुद्धढ़ीकरण, संस्थागत उत्कृष्टता, विद्यार्थियों के शैक्षिक संवर्धन के साथ पश्चिमी राजस्थान में तकनीकी




शिक्षा के आधारस्तंभ के रूप में विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। मरूप्रदेश में तकनीकी शिक्षा के सुलभ अवसर प्रदान कर रहा है बीटीयू : प्रो. अम्बरीष शरण विद्यार्थी, कुलपति

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# रोहित करेंगे वापसी, भारत की नजर वनडे श्रृंखला जीत पर, राहुल-जडेजा से एक और अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे मैच का प्रसारण दोपहर 1.30 बजे से

एजेंसी ▶▶| विशाखापट्टनम

भारतीय टीम रविवार को जब दूसरे वनडे में आस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलने उतरेगी तो फिर से सभी की नजरें लोकेश राहुल और रविंद्र जडेजा पर लगी होंगी। नियमित कप्तान रोहित शर्मा भी टीम की अगुआई के लिए वापसी करेंगे जो मुंबई में पहला मैच नहीं खेल पाए थे। भारत ने वानखेडे स्टेडियम में आस्ट्रेलिया को कम स्कोर वाले मैच में पांच विकेट से पराजित किया था जिसमें राहुल ने नाबाद 75 रन की संयमित पारी खेली थी। वह बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला के दौरान फॉर्म हासिल करने में जूझते दिखे थे जिससे उन्हें तीसरे और चौथे टेस्ट से बाहर कर दिया गया था। जडेजा भी घुटने की चोट और फिर हुई सर्जरी के कारण करीब आठ महीने के बाद वनडे क्रिकेट खेल रहे थे, उन्होंने शुक्रवार को नाबाद 45 रन बनाए थे। उन्होंने साथ ही कसी गेंदबाजी करते हुए 46 रन देकर दो विकेट झटके जिससे 'प्लेयर ऑफ द मैच' बने।



### चयनकर्ताओं के रडार पर क्रिकेटर

*भारत इस साल वनडे विश्व कप की मेजबानी कर रहा है और फॉर्म में चल रहे राहुल और पूरी तरह से फिट जडेजा टीम के लिए महत्वपूर्ण होंगे। तीन मैचों की यह श्रृंखला चयनकर्ताओं को इन दोनों की प्रगति का आकलन करने में मदद करेगी। वहीं भारतीय टीम इस मुकाबले में जीत से श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल करना चाहेगी और बल्लेबाजी में भी सुधार करना चाहेगी क्योंकि एक समय टीम ने 39 रन तक चार विकेट गंवा दिए थे और बाद में स्कोर पांच विकेट पर 83 रन हो गया था जिसके बाद राहुल और जडेजा ने मिलकर मेजबान टीम को 61 गेंद रहते जीत दिलाई थी।*



### रोहित की वापसी से शीर्ष क्रम मजबूत

कप्तान रोहित शर्मा की वापसी से निश्चित रूप से शीर्ष क्रम मजबूत होगा जो आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क की रफ्तार और 'वैरिएशन' के आगे पस्त हो गया था। भारतीय बल्लेबाज आस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के तेज गेंदबाजों के खिलाफ कभी कभार परेशानी में दिख रहे थे और बचे हुए दो मैचों में स्टार्क का सामना करने से उन्हें घरेलू परिस्थितियों में अच्छा अभ्यास मुहैया कराएगा क्योंकि ध्यान अक्टूबर-नवंबर में होने वाले विश्व कप के लिए तैयारियां करने पर लगा होगा। रोहित पारी का आगाज करेंगे जिससे किशन को नियमित कप्तान के लिए जगह बनानी होगी।

### सूर्या की फार्म चिंता का कारण

कोहली और गिल के पहले वनडे में कम स्कोर बनाने को लेकर ज्यादा चिंता की जरूरत नहीं है लेकिन सूर्यकुमार यादव 50 ओवर के प्रारूप में अपनी लय हासिल नहीं कर पा रहे हैं जो चिंता का कारण बन सकता है। टी20 अंतरराष्ट्रीय में विस्फोटकीय बल्लेबाजी के लिए मशहूर सूर्यकुमार अब भी वनडे में वैसी ख्याति अर्जित नहीं कर पाए हैं। इस साल सभी पांच वनडे में वह अर्धशतक नहीं जड़ पाये हैं। श्रेयस अय्यर की वापसी के लिए कोई समयसीमा निर्धारित नहीं है, भारत चौथे नंबर के लिए सूर्यकुमार पर बरकरार रहेगा।

## खबर संक्षेप



### रिबाकिना फाइनल में स्वियाटेक को दी मात

**इंडियन वेल्स।** एलीना रिबाकिना ने शीर्ष रैंकिंग पर काबिज खिलाड़ी इगा स्वियातेक को 6-2, 6-2 से हराकर उलटफेर करते हुए बीएनपी पारिबस ओपन के फाइनल में प्रवेश किया। रिबाकिना ने गत चैम्पियन स्वियातेक के खिलाफ सात ऐस जमाये और महज 76 मिनट में जीत दर्ज की। अब रिबाकिना का सामना रविवार को होने वाले फाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त और आस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन आर्यना सबालेंका से होगा जिन्होंने मारिया सकारी को 6-2, 6-3 से मात दी।

### प्रदर्शन के लिए 'रिकवरी' की प्रक्रिया अहम : शमी

**मुंबई।** आस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की पांच विकेट की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले शीर्ष तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने गेंदबाजी के बाद 'रिकवरी' की प्रक्रिया को अहम बताया।



इस दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने शुक्रवार को पहले वनडे में छह ओवर में दो मेडन से 17 रन देकर तीन विकेट झटके जिससे भारत ने 35.4 ओवर में आस्ट्रेलिया को 188 रन पर समेट दिया और फिर यह लक्ष्य 39.5 ओवर में हासिल कर लिया।

### टेक्सास टीम खरीदने पर सीएसके की नजर

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स मेजर लीग क्रिकेट की छह टीमों में से एक टेक्सास टीम में हिस्सेदारी हासिल करने पर नजर लगाए है। चार बार की इंडियन प्रीमियर लीग विजेता टीम सीएसके ने शनिवार को खुलासा किया कि वे अमेरिका में नए टी20 टूर्नामेंट के साथ अपने जुड़ाव के संबंध में 'बड़ी घोषणा' जल्द ही करेंगे। यह टूर्नामेंट इस साल 13 जुलाई से शुरु होगा जिसमें छह टीमें हिस्सा लेंगी। ये टीमें सैन फ्रांसस्को यूनिकार्न्स, लास एंजिल्स, न्यूयार्क, सीटल ओरकास, टेक्सास और वाशिंगटन डीसी हैं।

### नीतू ने कोरिया की डोयोन कांग को आरएससी फैसले पर हराया

# विश्व चैंपियनशिप : गंघास, प्रीति मंजू ने प्रतिद्वंद्वियों को चटाई धूल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय मुक्केबाजों का महिला विश्व चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन जारी है और शनिवार को तीन मुक्केबाजों ने अपने अपने मुकाबले जीतकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता नीतू गंघास (48 किलो) ने कोरिया की डोयोन कांग को आरएससी फैसले पर हराया जबकि प्रीति ने 54 किलोवर्ग में रोमानिया की लाकरामियोआरा पेरिजोक को बंटे हुए फैसले के आधार पर 4-3 से शिकस्त दी। मंजू बाम्बोरिया (66 किलो) ने न्यूजीलैंड की सारा वेरेयू को 5-0 से हराया।

नीतू पिछले चरण में क्वार्टर फाइनल में हार गई थीं, उन्होंने इस बार पहले राउंड में ही मुकाबला जीत लिया। पहले मिनट में उन्होंने अपने 'हुक' और 'क्रास' का बखूबी इस्तेमाल किया लेकिन अंक जुटाने वाले मुक्के नहीं जड़ सकीं। फिर दोनों मुक्केबाजों ने दोनों हाथों से एक दूसरे को मुक्के जड़ना शुरू कर दिया। तुरंत ही कोरियाई मुक्केबाज कांग को पहला 'स्टैंडिंग काउंट' मिला। नीतू ने फिर दबदबा जारी रखा और कांग को दूसरा 'स्टैंडिंग काउंट' 20 सेकेंड बाद मिला जिससे रैफरी ने मुकाबला भारतीय मुक्केबाज के पक्ष में कर दिया।


मंजू बाम्बोरिया

### प्रीति ने संघर्ष से जीता मैच

पहले दौर में आरएससी से जीत दर्ज करने वाली प्रीति को हालांकि दूसरी जीत के दौरान मशक्कत करनी पड़ी। उन्होंने कहा, 'मैंने इस मुकाबले की तैयारी की थी, वह पिछली बार रजत पदक जीती थी। मैं भी साबित करना चाहती थी कि मैं किसी से कम नहीं हूं।' 2022 एशियाई चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता प्रीति ने कहा, 'मैं शुरू में उसकी रणनीति समझने की कोशिश कर रही थी। अंतिम राउंड में मैंने रणनीति बदली। वह आक्रामक थी और संतुलन खो रही थी।'



### कदमों के जाल में उलझाया

प्रीति ने रोमानियाई प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ पहले राउंड में 3-2 से बढ़त बनाई। फिर हरियाणा की इस मुक्केबाज ने अपने पैरों का इस्तेमाल करते हुए रोमानियाई मुक्केबाज पर मुक्के जड़े। हालांकि दूसरे राउंड को वह 2-3 से गंवा बैठी। पर अंतिम तीन मिनट में प्रीति ने जवाबी हमले किए। इसमें दोनों मुक्केबाजों के अंक बराबर रहे जिससे मुकाबले का फैसला 'रिव्यू' से किया गया। अंत में फैसला भारतीय मुक्केबाज के पक्ष में रहा।

# डब्लूपीएल : मुंबई की पहली हार 5 विकेट से जीता यूपी वॉरियर्स

एजेंसी ▶▶| मुंबई



महिला प्रीमियर लीग के 15वें मैच में मुंबई इंडियंस का सामना यूपी वॉरियर्स से हुआ। इस मैच को यूपी वॉरियर्स ने 5 विकेट से जीत दर्ज की। मुंबई इंडियंस की यह सत्र में पहली हार रही। शुरुआती विकेट गिरने के बाद मुंबई टीम की पारी को कप्तान हरमनप्रीत कौर ने संभाला और वॉन्ग ने अंत में संभाला और 20 ओवर में मुंबई टीम 127 रन पर ऑलआउट हुई। इसके जवाब में 128 रन का पीछा करते हुए यूपी टीम ने 19.3 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। यह यूपी की तीसरी जीत है। इस जीत के साथ ही यूपी ने अपने प्लेऑफ में प्रवेश करने की दावेदारी और मबजूत कर ली है। टीम पॉइंट टेबल पर तीसरे नंबर पर कायम है। अब टीम के खाते में 6 अंक हैं। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूपी वॉरियर्स टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। महज 21 रन के स्कोर पर टीम ने अपने 3 विकेट गंवा दिए। देविका मात्र 1 रन बनाकर, तो एलिसा हीली 8 रन और किरण 12 रन बनाकर पवेलियन लौटी। वहीं, ताहिला और ग्रेस ने तूफानी पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई। ताहिला ने 25 गेंदों पर 38 रन, तो हैरिस ने 39 रनों की पारी खेली।

# डेवाइन के आक्रामक 99 रन से आरसीबी ने गुजरात को हराया

भाषा ▶▶| मुंबई

न्यूजीलैंड की सोफी डेवाइन के 36 गेंद में 99 रन की मदद से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने शनिवार को महिला प्रीमियर लीग के मैच में गुजरात जाइंट्स को आठ विकेट से हरा दिया। डेवाइन ने आतिशी बल्लेबाजी का वो नजारा पेश किया कि ब्रेबोर्न स्टेडियम पर बैठा हर दर्शक बरसों तक उसे याद रखेगा। आरसीबी ने 189 रन का मुश्किल लक्ष्य 27 गेंद बाकी रहते महज दो विकेट खोकर हासिल कर लिया और लगातार दूसरी जीत से प्लेआफ की उम्मीदें कायम रखी हैं। क्रिकेटर बनने से पहले न्यूजीलैंड के लिये हॉकी भी खेल चुकी डेवाइन ने अपनी पारी में आठ छक्के और नौ चौके लगाये। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका की स्टार बल्लेबाज लौरा वोल्वार्ट के 42 गेंद में 68 रन और आखिरी ओवर में मिले 22 रन की मदद से गुजरात ने चार विकेट पर 188 रन बनाये थे। एशले गार्डनर ने भी 26 गेंद में 41 रन की पारी खेली।

# त्रिसा-गायत्री ऑल इंग्लैंड के सेमीफाइनल में हारे

एजेंसी ▶▶| बर्मिंघम

भारत की त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी लगातार दूसरे साल आल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप महिला युगल के सेमीफाइनल में हार गई। भारतीय जोड़ी को दुनिया की 20वें नंबर की कोरियाई जोड़ी बाएक ना हा और ली सो ही ने 46 मिनट तक चले मुकाबले में 21-10, 21-10 से हराया। गायत्री के पिता पुलेला गोपीचंद आखिरी बार 2001 में आल इंग्लैंड खिताब जीतने वाले भारतीय थे। उनसे पहले प्रकाश पादुकोण ने 1980 में यह खिताब अपने नाम किया था। उन्नीस वर्ष की त्रिसा और 20 वर्ष की गायत्री के पास फाइनल्स में पहुंचने का बड़ा मौका था लेकिन वे सेमीफाइनल की बाधा पार नहीं कर सके। उनके सामने कोरिया



की कठिन जोड़ी थे जिसमें से ली ने दो बार विश्व चैम्पियनशिप खिताब जीता हुआ है। भारतीय जोड़ी अच्छी शुरुआत करने में नाकाम रही और शुरू ही में 0-4 से पिछड़ गई। अपनी लंबी रेलियों से कोरियाई जोड़ी ने दबाव बनाए रखा और 11-5 की बढ़त बना ली।

### राहुल के विकेटकीपिंग से मजबूत होगा भारत

*नई दिल्ली। पूर्व भारतीय कोच रवि शास्त्री ने जून में 'द ओवल' में होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए केएल राहुल का विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर समर्थन किया। राहुल का इंग्लैंड में अच्छा रिकॉर्ड है लेकिन खराब फॉर्म के कारण उन्हें घरेलू सरजमी पर आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो टेस्ट के बाद अंतिम एकादश से बाहर कर दिया गया। कर्नाटक के इस 30 साल के खिलाड़ी ने हालांकि आस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार की रात पहले वनडे में नाबाद 75 रन की मैच विजयी पारी खेलकर शानदार वापसी की। शास्त्री ने कहा, 'केएल ने सचमुच काफी अच्छा प्रदर्शन किया जिससे डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले चयनकर्ताओं की दिलचस्पी उनमें बनी रहेगी। दो चीजें हैं। पहली वनडे श्रृंखला के लिए जब रोहित शर्मा वापसी करेंगे और दूसरी डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए, जिसमें अगर राहुल विकेटकीपर करते हैं तो उनकी बल्लेबाजी मजबूत होगी।'*

# विलियमसन, निकोल्स के दोहरे शतक न्यूजीलैंड ने 580/4 पर घोषित की पारी

एजेंसी ▶▶| वेलिंगटन

- दोनों ने तीसरे विकेट के लिए कीं 363 रन की भागीदारी

केन विलियमसन और हेनरी निकोल्स के दोहरे शतकों और तीसरे विकेट के लिए 363 रन की भागीदारी की बदौलत न्यूजीलैंड ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन शनिवार को यहां अपनी पहली पारी चार विकेट पर 580 रन बनाकर घोषित की।

विलियमसन ने अपना छठा दोहरा शतक जड़ा और 215 रन बनाकर आउट हो गए जबकि निकोल्स ने न्यूजीलैंड के लिए पहला दोहरा सैकड़ा और अपना





सबसे बड़ा टेस्ट स्कोर बनाया। जब कप्तान टिम साउदी ने पारी घोषित की तब वह 200 रन बनाकर नाबाद थे। यह पहली बार है जब न्यूजीलैंड के दो बल्लेबाजों ने एक टेस्ट की एक ही पारी में दोहरे शतक जड़े हैं। यह साझेदारी टेस्ट में तीसरे विकेट के लिए नौवीं सबसे बड़ी भागीदारी रही और न्यूजीलैंड के लिए मार्टिन क्रो और आंद्रे जोंस के बीच 1991 में श्रीलंका के खिलाफ बनी 467 रन की साझेदारी के बाद सबसे बड़ी भागीदारी है।




### नाकामी, मुस्कान से लेकर निराशा पर करेंगे बात

# स्टार के शो पर अनुभव साझा करेंगे क्रिकेटर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग का 16वां सत्र शुरू होने से पहले भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और चैंपियन बल्लेबाज विराट कोहली समेत इसके नामी गिरामी सितारे स्टार स्पोटर्स के शो 'स्टार्स आन स्टार' पर पहली बार अपने प्रशंसकों के साथ रोचक अनुभव साझा करेंगे।

टाटा आईपीएल के आधिकारिक टीवी प्रसारक स्टार स्पोटर्स के इस कार्यक्रम का लक्ष्य क्रिकेट के बड़े सितारों को उनके प्रशंसकों से जोड़ना है। क्रिकेटर



इसमें वे अपने निजी जीवन से लेकर कॅरियर तक के कई अनछुए पहलुओं पर बात करेंगे जिसमें उनकी कामयाबी, नाकामी, मुस्कान से लेकर निराशा तक शामिल होगी। चैनल द्वारा जारी विज्ञप्ति में 'प्रिव्यू शो' की बानगी दी गई जिसमें चेन्नई सुपर किंग्स के हरफनमौला रविंद्र जडेजा ने कहा, 'मैने जब क्रिकेट खेलना शुरू किया तो मैं तेज गेंदबाज बनना चाहता था। मुझे दूसरे तेज गेंदबाजों को बाउंसर डालते देखने में मजा आता था। लेकिन मेरे पास वह रफ्तार नहीं थी। मैने माही भाई को बताया कि मेरा क्रिकेट का सफर दो महेंद्र के बीच का है। महेंद्र सिंह चौहान जो जामनगर में मेरे कोच थे और चेन्नई में मेरे कप्तान महेंद्र सिंह धोनी।'

### डिविलियर्स-गेल की जर्सी के नंबर 'रिटायर' करेगा आरसीबी

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर एबी डिविलियर्स और क्रिस गेल द्वारा पहनी गई जर्सी के नंबर को 'रिटायर' कर देगा जब इन दोनों महान क्रिकेटरों को 26 मार्च को इंडियन प्रीमियर लीग टीम के 'हॉल ऑफ फेम' में शामिल किया जाएगा। आरसीबी ने ट्वीट किया, 'जर्सी नंबर 17 और 333 को हमेशा के लिए 'रिटायर' कर दिया जाएगा जब एबी डिविलियर्स और क्रिस गेल्स को आरसीबी के 'हॉल ऑफ फेम' में शामिल किया जाएगा।' जर्सी नंबर 17 पहनने वाले डिविलियर्स आरसीबी के लिए 11 सत्र (2011 से 2021) तक खेले थे जिन्होंने फ्रेंचाइजी के लिए 156 मैचों में 4,491 रन बनाए हैं।

### माइकल ब्रेसवेल RCB में शामिल:चोटिल विल जैक्स की जगह एक करोड़ रुपए के बेस प्राइस में टीम से जुड़े

न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर माइकल ब्रेसवेल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु टीम में शामिल हो गए हैं। इंग्लैंड के बल्लेबाज विल जैक्स चोट की वजह से आईपीएल 2023 से बाहर हो चुके हैं, उनकी जगह फ्छ्ड ने ब्रेसवेल को टीम में शामिल किया है। टाटा इंडियन प्रीमियर लीग ने अपनी वेबसाइट पर यह घोषणा की। यहां जारी विज्ञप्ति में कहा गया, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने टाटा इंडियन प्रीमियर लीग 2023 के लिए इंग्लैंड के बल्लेबाज विल जैक्स की जगह न्यूजीलैंड के माइकल ब्रेसवेल को साइन किया है। वह एक करोड़ रुपए के बेस प्राइस में आरसीबी से जुड़ेंगे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# आज होगा जयपुर जाम "ब्राह्मण महापंचायत" में शिरकत करेंगे देशभर के 5 लाख से अधिक ब्राह्मण

## बीकानेर जिले से दस हजार से अधिक लोग करेंगे ब्राह्मण महापंचायत में शिरकत






### बीकानेर जिले से 50 से अधिक बसे एवं 400 से अधिक गाडिया जायेगी जयपुर

गरीबों का सितारा

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** ब्राह्मण समाज के अग्रणी संगठन विप्र सेना द्वारा आयोजित ब्राह्मण महापंचायत में देश भर के नेता , जगतगुरु, संत , और समस्त ब्राह्मण समाज कल बडी संख्या मे हिस्सा लेगें !! देश भर के ब्राह्मण



35 हजार से अधिक फॉरवहीलर गाड़ियो मे पहुंचेगे , और 5 हजार के करीबन देश भर से बसे, तीन हजार से अधिक टैक्टर आयेंगे जयपुर !! कई शहरो से ट्रेन हुई बुक , केवल हरियाणा राज्य से 25000 ब्राह्मण आयेंगे जयपुर। आज एक दिन पहले विधाधर नगर स्टेडियम में एक मीटिंग मे दस हजार लोग शामिल है। तो कल यह संख्या 5 लाख से 10 लाख तक जा सकती है ! विप्र सेना प्रदेश मंत्री चैनसिंह राजपुरोहित ने बताया कि राजस्थान का एक ऐसा अनुठा और सभ्य समाज है जिसकी महापंचायत मे अगुवाई कोई नेता नही अपितू संत समाज करेंगे। इस महापंचायत के लिए जगतगुरु, बाबा बागेश्वर धाम , पतंजलि योग से बालकृष्ण शास्त्री, कई केन्द्रीय मंत्री , उप मुख्य मंत्री , राज्य मंत्री , सांसद , विधायक कई एक्टर, लेखक महापंचायत मे पहुंचने के लिए अपील ,कर चुके है। विप्र सेना और ब्राह्मण महापंचायत पर कई गाने आफिसियल सिगंर गा चुके है। इतने विशाल प्रोग्राम की खास बात यह है कि यहां लाखो लोगो के लिए जयपुर मे समाज की और से खाने की व्यवस्था की गई है। और हेलीकॉप्टर से कल पुष्प वर्षा भी की जाएगी।

# टोडागांगा विद्यालय में विदाई समारोह आयोजित

गरीबों का सितारा



**लालसोट(वरुण कामदार)।** उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत राजौली के ग्राम टोडागांगा की राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय पर शनिवार को आठवीं कक्षा के छात्र छात्राओं का विदाई एवं अभिनंदन समारोह आयोजित हुआ। कार्यकम में मुख्य अतिथि पीईईओ राजौली रामनिवास मीना, अति विशिष्ट अतिथि भामाशाह कमलेश त्रिवेदी पत्रकार रहे एवं विशिष्ट अतिथि उप प्राचार्य बाबूलाल बैरवा, जगदीश प्रसाद नापित प्रधानाध्यापक संत की ढाणी टोडागांगा, कमलेश कुमार लाटा, कमलेश बैरवा वार्ड पंच, मीठा लाल महावर उपसरपंच एवं ओम प्रकाश शर्मा पटेल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक रमेशचंद्र बैरवा ने की। इस कार्यक्रम में अतिथियों एवं विद्यालय के शिक्षकों ने विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के लिए मार्गदर्शन और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासित एवं निर्भीक होकर बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक अर्जित कर अपने विद्यालय एवं परिवारजनों सहित ग्राम का नाम रोशन करने का आह्वान किया। इस अवसर पर भामाशाह कमलेश त्रिवेदी पत्रकार द्वारा कक्षा आठ के विद्यार्थियों को ज्योमेट्री बाक्स भेंट किए गये। कार्यक्रम में संस्था प्रधान रमेश चंद्र बैरवा ने स्वागत उद्बोधन, आभार प्रदर्शन और विद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ गंगा सहाय मीना, अशोक पांचाल, पुष्पा शर्मा, अंजू, मानसिंह बैरवा, रजत गुप्ता राजेश महावर, एसएमसी अध्यक्ष गिर्राज गुर्जर सहित ग्रामवासी मौजूद रहे। इस अवसर पर विद्यालय के कक्षा एक से सात तक के छात्रों ने कक्षा आठवीं के छात्र छात्राओं को भावभीनी विदाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। समारोह में छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। संचालन अशोक कुमार ने किया।

# महोत्सव में गूंजे संत के जयकारे धार्मिक अनुष्ठानों में भक्त हुए शामिल



गरीबों का सितारा

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** मुरली मनोहर मैदान भीनासर के पास स्थित सेठ बंसीलाल राठी की बगीची में अवधूत संत पूणानंद की 57 वीं पुण्यतिथि पर चल रहे महोत्सव के दूसरे दिन शनिवार को पूरे दिन धार्मिक अनुष्ठानों की धूम रही । भक्तों ने 'सत साहेब' व 'बापजी महाराज की जय' जयकारों लगाएऔर चल रहे धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल हुए । सुबह आठ बजे से ही अवधूत भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया जो देर रात तक जारी रहा। महोत्सव के दौरान भक्तिमति मीराबाई चरित्र पर कथा करते हुए संत श्यामसुंदर महाराज ने भक्त मीरा के जीवन काल से जुड़े प्रसंगों को बहुत ही रोचक ढंग से प्रस्तुत किया । उन्होंने कहा कि मीरा की ईश्वर के प्रति भक्ति ने उनको विश्व विख्यात कर दिया। आयोजन से जुड़े गौरीशंकर सारड़ा ने बताया कि महोत्सव के दूसरे दिन सुबह रुद्राभिषेक एवं रुद्री हवन में पुरुषोतम सारड़ा, गोकुल सारड़ा , ललित बंग आदि अवधूत भक्त शामिल हुए । शुक्रवार रात्रि में सामूहिक संकीर्तन एवं भक्ति संगीत का आयोजन हुआ। इसमे कलाकार पुखराज शर्मा ने अवधूत संत के व्यक्तित्व व कृतितत्व के आधार पर भक्ति संगीत प्रस्तुत किया।

# एकलव्य फाउण्डेशन एवं संगम इंटरनेशनल पब्लिक सी. सै. स्कूल में वार्षिक उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित





गरीबों का सितारा

**कि. रेनवाल (विनोद धायल)।** एकलव्य फाउण्डेशन एवं संगम इंटरनेशनल पब्लिक सीनियर सैकण्डरी स्कूल में 16 मार्च 2023 को वार्षिक उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुकेश गोयल, वर्तमान पार्षद एवं पूर्व उपाध्यक्ष नगर पालिका किशनगढ़ रेनवाल एवं अध्यक्षता संस्था निदेशक पोखर मल ऐचरा द्वारा की गई। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संस्था की छात्रा दीपशिखा सामोता एवं अंकिता ताकर द्वारा ईश वंदना की। संस्था परिवार द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया । सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्रा दीपशिखा सामोता द्वारा "आ जा नच ले....." गाने पर बहुत शानदार नृत्य किया गया। मुस्कान एवं स्नेहा द्वारा "बावन गज का दामन" , नवनीत ,सुभाष एवं सचिन द्वारा "रोहतक के मेले ...में", दीपशिखा एवं मनीषा द्वारा राजस्थानी गीत "पिया आवो तो सही" , स्नेहा एवं सुशीला द्वारा "हैवी घागरा..." मनीषा कुमावत "सौदा खरा खरा...", मुस्कान द्वारा "लहंगा ... गीत पर शानदार नृत्य कर प्रस्तुतियां दी।

**बोर्ड परीक्षा परीणाम 2022 के टॉपर विद्यार्थियों का किया सम्मान**

बोर्ड परीक्षा परीणाम 2022 के कक्षा 12 के विद्यार्थियों का संस्था परिवार द्वारा सम्मान किया गया। 95% अंक लाकर संस्था का नाम रोशन करने वाली छात्रा दीपशिखा सामोता पुत्री मनोहर लाल समोता निवासी चक का मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। छात्रा ने सर्वोच्च अंक लाने का श्रेय संस्था निदेशक पोखर मल ऐचरा अपने माता-पिता एवं गुरूजनों को दिया । दीपशिखा सामोता वर्तमान में एकलव्य फाउंडेशन में जेट/आईसीएआर का साल भर का टारगेट का कोर्स कर रही है। सोनू कुमावत ने 90% अंक , सुमन कुमावत ने 88% अंक, अंजू सामोता ने 85% अंक, दिनेश प्रजापत ने 84% अंक ,शंकरलाल ने 82% अंक एवं मयंक ऐचरा ने 81% अंक प्राप्त कर संस्था एवं माता-पिता का नाम रोशन किया ।

**जेट में चयनित विद्यार्थियों का किया सम्मान**

एकलव्य फाउंडेशन द्वारा जेट एवं आईसीएआर का क्रैश कोर्स एवं साल भर का कोर्स करवाया जाता है जेट में चयनित विद्यार्थियों का मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। पूजा देवी का चयन कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर, विकास यादव एवं अजय बाजड़ोलिया का कृषि विश्वविद्यालय उदयपुर एवं मोनिका पूनियां का चयन आईसीएआर नई दिल्ली में हुआ है। कक्षा -12 के छात्रों को दी गई विदाई कक्षा 12 के विद्यार्थियों को जूनियर विद्यार्थियों द्वारा विदाई दी गई । विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा परिणाम एवं उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई एवं अंत में विदाई के अवसर पर छात्रा दीपशिखा सामोता ने भूल न पाओगे तुम कविता सुनायी। कार्यक्रम में शंकर टोडावत, रामावतार सोनी, राजेश ऐचरा, रतन पूनियां, हरिसिंह बोचल्या, मनोहर सामोता, रामचंद्र पूनिया, मुकेश घसीया, अजीत ऐचरा, सुभाष देवन्दा, सुरेंद्र ऐचरा, शिवपाल कुड़ी, लक्ष्मण मेहरा, अनीशा चौधरी , महेंद्र ऐचरा, जितेंद्र पूनिया, श्यामसुंदर स्वामी एवं गोविंद यादव सहित अनेक लोग उपस्थित थे मंच संचालन विमल कुमार वर्मा द्वारा किया गया।

# खेलो इंडिया महिला वुशू लीग का शुभारम्भ



## महिला खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

गरीबों का सितारा




**जयपुर।** भारतीय खेल प्राधिकरण, राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद व राजस्थान वुशू संघ के तत्वावधान में दिनांक 18 व 19 मार्च को जुडो हॉल, सवाई मानसिंह स्टेडियम, जयपुर में आयोजित की जा रही खेलो इंडिया जयपुर वुशू महिला लीग का शुभारम्भ हुआ। प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि विनय कुमार, उपनिदेशक साई गांधी नगर तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता हीरानन्द कटारिया, अध्यक्ष राजस्थान वुशू संघ ने की तथा कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में नरेन्द्र सिंह भूरीया, खेल प्रबंधक राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद, संदीप कुमार, साई गांधी नगर, राजेश कुमार टेलर, वुशू कोच, महावीर सिंह मीणा एम.टी. वुशू शिक्षा विभाग, रतन लाल चौधरी वीर तेजा फाण्उडेशन, सत्य नारायण जलथुरिया व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। शनिवार 18 मार्च को सीनियर महिला वर्ग के मुकाबलें आयोजित किऐ गये तथा कल दिनांक 19 मार्च को सबजूनियर व जूनियर महिला वर्ग के मुकाबले आयोजित होगे। प्रतियोगिता में अन्तरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर के कई पदक विजेता खिलाडियों ने भाग लिया।

### सीनियर महिला वर्ग के परिणाम इस प्रकार है

**इवेन्ट वर्ग, स्वर्ण पदकः** विजेता- कैशिका जोशी जयपुर, अभिज्ञया जयपुर, अंशुल जयपुर, पिंकी बोराना जोधपुर, मुस्कान सैनी सीकर, वर्षा कवंर तंवर सीकर, नीलम चौधरी जयपुर, दिव्या चौधरी जयपुर, भूमिका राठौड़ जयपुर, पूनिता पूनिया जयपुर, आशा सोनी जयपुर।

**रजत पदक विजेता :** चारु पारीक जयपुर, नन्दिनी माण्डिया जयपुर, मुस्कान सैनी सीकर, मनु जयपुर, मन्कुर शर्मा जयपुर, विजय लता जयपुर, सन्जू सैनी सीकर, तनीषा महावर जयपुर, मनाली श्रीगंगानगर, नीतु सैनी सीकर।

**कांस्य पदक विजेताः** लवप्रीत कौर हनुमानगड, पिंकी बोराना जोधपुर, यशयषवी चौधरी जोधपुर, सन्तोष कवंर पाली रही।

**शांशु वर्ग में स्वर्ण विजेता खिलाड़ीः** रिंकू चौधरी जयपुर, मेघा जोशी जयपुर, ममता मीणा जयपुर, जानवी जयपुर, गुरुमनदीप हनुमानगढ़, ममता जयपुर, अंजू बीकानेर,सुमा फलदार कोटा ने स्वर्ण पदक जीता।

# भ्रष्टाचार निवारण भारत संगठन मे विस्तार करते हुए अलवर जिले मे जिला स्तरीय दो पदाधिकारी बनाये

## रामावतार मीना पिनान को अलवर जिला महा मंत्री बनाया है तथा सुमन गब्बर मीना बबेली को महिला प्रकोष्ठ महासचिव बनाया है

### ये सभी नियुक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अलवर जिला संयुक्त सचिव महेश चन्द मीना की सिफारिश पर दी गई है





गरीबों का सितारा

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण भारत संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश मीना ने मिडिया को बताया है कि हमारा यह संगठन पूरे भारत देश के सभी राज्यो मे बहुत तेजी से सक्रिय व लोकप्रिय होता ही जा रहा है और आमजन के हित मे भ्रष्टाचार के खिलाफ व महिला अत्याचार के खिलाफ और शोषण के विरूद्ध व बाल श्रम के खिलाफ लगातार परैवी कर रहा है , हमारे इस संगठन का मुख्य उद्देश्य है कि भ्रष्टाचार व रिश्वतखोरो के खिलाफ जबरदस्त मुहिम चलाना है और महिलाओ के अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाना व भ्रष्टाचारियो का पदार्फाश करना है तथा पुलिस प्रशासन का भी अच्छा सहयोग करना है तथा आरटीआई एक्ट 2005 का उपयोग कर भ्रष्टाचार को भी उजागर करना है एवं अन्य दूसरे भी कई प्रकार भी काम जो आमजन के हित मे हो। यह संगठन भारत सरकार द्वारा रिकोग्नाइज्ड संगठन है और इस संगठन का रजिस्ट्रेशन नम्बर 26/2019 है , यह संगठन बहुत ही तीव्र गति से पूरे भारत देश मे सभी जगह अनवरत रूप से विस्तार कर रहा है। शनिवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश मीना ने अलवर जिले मे जिला स्तरीय दो पदाधिकारियो को नियुक्ति दी है जिनमे एक तो सुमन गब्बर मीना बबेली को महिला प्रकोष्ठ से जिला महासचिव पद पर तथा दूसरे रामावतार मीना पिनान को अलवर जिला महा मंत्री के पद पर नियुक्ति दी है। ये सभी नियुक्तिया अलवर जिला संयुक्त सचिव महेश चन्द मीना की सिफारिश के आधार पर राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश मीना के द्वारा दी गई है। इसी विस्तार की कडि मे ही राष्ट्रीय अध्यक्ष की सहमति से महेश चन्द मीना अलवर जिला संयुक्त सचिव द्वारा भी अलवर की रैणी तहसील से भी लगातार संगठन सदस्य बनाये जा रहे है राष्ट्रीय अध्यक्ष के आदेशानुसार सभी को निःशुल्क सदस्यता दी जाती है। इस संगठन मे संगठन सदस्य निःशुल्क सदस्य बनाये जाते है तथा संगठन सदस्य को पदाधिकारी द्वारा मनोनयन पत्र जारी किया जाता है। यह संगठन आमजन के हित मे सम्बन्धित जिम्मेदार उच्चाधिकारीगणो से सहयोग प्राप्त कर ही कामयाबी प्राप्त करने मे विश्वास रखता है। मिडिया को यह सारी जानकारी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश मीना के द्वारा दी गई है।

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com